राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 319
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
रविवार 12 अक्टूबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 ग्रेटर नोएडा में गलत इंजेक्शन से छात्र की मौत
पेज 4 बॉयफ्रेंड की हत्या कराने वाली महामंडलेश्वर गिरफ्तार
पेज 6 ऑस्ट्रेलिया दौरे में संगकारा का रिकार्ड तोड़ सकते हैं विराट

## संक्षिप्त खबरें

### मुंबई एयरपोर्ट पर 10.5 किलो सोना जब्त किया गया, 13 गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने गोल्ड स्मगलिंग गैंग पर बड़ी कार्रवाई की। ऑपरेशन गोल्डन स्वीप के तहत 10.488 किलो 24 कैरेट विदेशी सोना जब्त किया गया। इसकी कीमत करीब 12.58 करोड़ रुपए है। इस ऑपरेशन में 13 लोग गिरफ्तार हुए, जिनमें 2 बांग्लादेशी, 6 श्रीलंकाई नागरिक, 2 एयरपोर्ट स्टाफ, 2 हैंडलर और मुंबई का मास्टरमाइंड शामिल है। स्मगलर्स ने दुबई से सिंगापुर, बैंकॉक और ढाका जाने वाले ट्रांजिट पैसेंजर्स को कैरियर बनाया। ये पैसेंजर्स मुंबई होते हुए सोने को अंडे के आकार के वैक्स कैप्सूल में शरीर के अंदर छिपाकर लाए थे।

### अखिलेश का 80 लाख फॉलोअर्स वाला फेसबुक अकाउंट शुरू

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव का फेसबुक पेज 16 घंटे बाद शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे बहाल हो गया। शुक्रवार देर रात साढ़े आठ बजे फेसबुक पेज सस्पेंड हुआ था। इस पर अखिलेश ने कहा, मुझे जानकारी मिली कि यौन शोषण और हिंसा की शिकायत की वजह से सस्पेंशन हुआ। जिन पोस्ट पर आपत्ति दर्ज कराई गई, उसमें बलिया की एक घटना है- जहां एक युवती को लेकर पोस्ट किया गया था। वो सच्ची घटना थी। एक पोस्ट पत्रकार की हत्या को लेकर था।



### हैप्पी मॉर्निंग


राजू- होम्योपैथी दवा खाने का भी एक अपना मजा है
सुरेश- वो कैसे? राजू- 4 गोली निकालो तो 6 निकल आती है, और 2 वापस डालो तो 4 चली जाती है इस खेल में बीमारी से ध्यान हट जाता है और मरीज ठीक हो जाता है......



### शायरी

ऐ रियासत तूने भी इस दौर में कमाल कर दिया,
गरीबों को गरीब अमीरों को मालामाल कर दिया।

### अर्थसार



सेंसेक्स:
82,500.82
+328.72 (0.40%)
निफ्टी:
25,285.35
+103.55

### मौसम



अधिकतम : 30 डिग्री से0
न्यूनतम : 19 डिग्री से0
सूर्योदय सोमवार : 6 : 24
सूर्यास्त रविवार : 6 : 12

# चीन पर ट्रम्प का 100 प्रतिशत टैरिफ, भारत को फायदा

**टेक्सटाइल से लेकर फुटवियर जैसे सेक्टर में एक्सपोर्ट बढ़ने की उम्मीद**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर से भारतीय एक्सपोर्टर्स को फायदा हो सकता है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक दिन पहले चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इससे भारतीय एक्सपोर्टर्स को अमेरिकी बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का मौका मिलेगा।

ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि नया टैरिफ 1 नवंबर से लागू होगा। चीन से अमेरिका आने वाले सामानों पर पहले से 30 प्रतिशत टैरिफ लग रहा है। ऐसे में चीन पर कुल 130 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। ट्रम्प ने 1 नवंबर से सभी अहम सॉफ्टवेयर के निर्यात पर भी कंट्रोल करने की बात कही है।

दरअसल, चीन ने 9 अक्टूबर को दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ मटेरियल) पर निर्यात को और कड़ा कर दिया था, जिसके जवाब में ट्रम्प ने नए टैरिफ लगाने की बात कही है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, दोनों देशों के बीच इस ट्रेड वॉर का असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है, लेकिन भारत के लिए यह एक बड़ा मौका साबित हो सकता है।

### सीमा पर निगरानी



सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान जम्मू-कश्मीर में भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर निगरानी रखते हैं।

# डिजिटल युग में लड़कियां सबसे ज्यादा असुरक्षित : सीजेआई

▸ टेक्नॉलॉजी शोषण का जरिया बनी; इसके खिलाफ पुलिस को स्पेशल ट्रेनिंग जरूरी



**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि डिजिटल दौर में लड़कियां नई तरह की परेशानियों और खतरों का सामना कर रही हैं। टेक्नॉलॉजी सशक्तिकरण नहीं, शोषण का जरिया बन गई है। सीजेआई गवई ने कहा- लड़कियों के लिए आज ऑनलाइन हैरेसमेंट, साइबर बुलिंग, डिजिटल स्टॉकिंग, निजी डेटा के दुरुपयोग और डीपफेक तस्वीरें बड़ी चिंता बन गई हैं। इन खतरों से बचाने के लिए पुलिस और अधिकारियों को खास ट्रेनिंग देने की जरूरत है, ताकि वे ऐसे मामलों को समझदारी और संवेदनशीलता से संभाल सकें। सीजेआई गवई सुप्रीम कोर्ट की जुवेनाइल जस्टिस कमेटी और यूनिसेफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन 'सेफगार्डिंग द गर्ल चाइल्ड' में बोल रहे थे। कार्यक्रम में जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस जेबी पारदीवाला, केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और यूनिसेफ इंडिया की प्रतिनिधि सिंथिया मैककैफ्री भी मौजूद थीं।

# देवबंद में अफगानी विदेश मंत्री मुत्तकी की स्पीच कैंसिल

▸ ढाई घंटे पहले रवाना हुए; छात्रों की भीड़ ने तोड़ा सुरक्षा घेरा

**सहारनपुर।** यूपी के देवबंद में अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी की शनिवार को होने वाली स्पीच कैंसिल कर दी गई। वह तय समय से ढाई घंटे पहले ही यहां से रवाना हो गए।

यहां उन्हें शाम 5 बजे तक रुकना था, लेकिन वह ढाई बजे ही रवाना हो गए। चर्चा है कि भीड़ की वजह से स्पीच कैंसिल की गई। हालांकि, इसकी ऑफिशियल जानकारी सामने नहीं आई है। इससे पहले, देवबंद में मुत्तकी का फूल बरसाकर स्वागत किया गया। फिर छात्र उनसे मिलने के लिए टूट पड़े। भीड़ इतनी अधिक थी कि सुरक्षा घेरा टूट गया।

पुलिस ने छात्रों को धक्का देकर हटाया। इसके चलते अफगानी मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर भी नहीं दिया जा सका।

मुत्तकी ने कहा- मैं इस गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए देवबंद के उलेमा और क्षेत्र के लोगों का शुक्रगुजार हूं। भारत-अफगानिस्तान संबंधों का भविष्य बहुत उज्ज्वल दिखाई देता है। मुत्तकी की लाइब्रेरी में स्पीच थी। मुत्तकी की स्पीच कैंसिल होने पर जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने बताया- विदेश मंत्री की दारुल उलूम में आने वाले छात्रों से बातचीत हो चुकी है।

# उत्तराखंड की ठंड हवाओं ने गिराया देश का तापमान

**पहाड़ी इलाकों में बादल छाए रहेंगे, सभी 13 जिलों में मौसम शुष्क**



**देहरादून/नैनीताल।** उत्तराखंड में बारिश का दौर थमने के साथ ही तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। आज यानी 12 अक्टूबर को राज्य के सभी 13 जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा।

हालांकि सुबह और शाम की ठंड होगी। वहीं मैदानी इलाकों में चटक धूप खिलेगी।

मौसम विभाग के अनुसार,, पर्वतीय क्षेत्रों में आंशिक बादल मंडराएंगे। मैदानी इलाकों में धूप खिलने से तापमान सामान्य होगा। हालांकि, न्यूनतम तापमान सामान्य से कम होने के कारण ठंड महसूस की जा रही है। उत्तराखंड की ठंडी हवाएं देशभर में सुबह और शाम ठंड बढ़ाएगी।

अभी फिलहाल राज्य में बारिश और बर्फबारी की संभावना नहीं है। आगामी 15 अक्तूबर तक प्रदेशभर में मौसम साफ रहने का अनुमान है। वहीं, देहरादून में आज मौसम शुष्क है, लेकिन दिन के समय मौसम थोड़ा गर्म होगा, जिससे हल्की उमस हो सकती है।

अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के पहाड़ों पर हिमपात होने से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पहाड़ बर्फ की चादर ओढ़े नजर आ रहे हैं। जहां एक तरफ बर्फबारी होने से यात्री और पर्यटकों के चेहरे खिले हैं तो वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों की परेशानियां बढ़ी है।

चमोली, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जैसे जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जमकर इन बात होने के चलते पहाड़ियां बर्फ से लदी हुई हैं।

### आने वाले दिनों में रहेगा साफ मौसम

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, फिलहाल अगले कुछ दिनों तक राज्य में किसी बड़ी मौसमी गतिविधि की संभावना नहीं है। ज्यादातर इलाकों में मौसम साफ रहेगा, हालांकि कुछ ऊंचाई वाले स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। 15 अक्टूबर तक प्रदेशभर में मौसम साफ रहेगा। राज्य के मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अब तापमान में धीरे-धीरे और गिरावट आ सकती है, जिससे अक्टूबर के अंत तक सर्दियों का असर और बढ़ेगा। यानी उत्तराखंड में अब धीरे-धीरे ठंड का मौसम लौटने लगा है।

# 8 पैकेट जहर खाकर मां ने 4 बच्चों के साथ किया सुसाइड

**सीकर में फ्लैट में सड़ चुकी थी लाशें; इत्र छिड़ककर अंदर घुसी पुलिस**

**सीकर।** सीकर में एक परिवार के 5 लोगों ने सामूहिक सुसाइड कर लिया। मां ने 3 बेटों और 1 बेटी के साथ फ्लैट में जहर खाकर जान दे दी। घटनास्थल पर जहर के 10 पैकेट मिले हैं, इनमें से 8 का यूज किया गया। मौके से एक लिक्विड जहर भी पुलिस को मिला है।

पति से अनबन के चलते महिला किरण उर्फ पिंकी चौधरी (40) 3 बेटों सुमित (18), आयु (4), अवनीश (2.5) और बेटी स्नेहा (13) के साथ पालवास रोड स्थित अनिरुद्ध रेजिडेंसी में रह रही थी। फ्लैट 1 सप्ताह से ज्यादा समय से बंद था और उससे बदबू आ रही थी।

बिल्डिंग में रहने वाले अन्य लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गेट खोलकर अंदर घुसी तो 5 शव मिले, जो सड़ चुके थे और काले पड़ गए थे।

### इत्र छिड़ककर फ्लैट में घुसी पुलिस टीम

सीओ धोद सुरेश शर्मा ने बताया- फ्लैट से बदबू आ रही थी। स्थिति इतनी गंभीर थी कि अंदर घुसने में भी कठिनाई हो रही थी। बदबू को कम करने के लिए अगरबत्ती और इत्र का उपयोग किया गया, इसके बाद पुलिस टीम अंदर जा पाई। सुसाइड के कारणों का अभी पता नहीं चला है।

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि सभी के शव करीब 5 दिन पुराने हैं। जिस तरह बॉडी पड़ी थी, उससे लगता है कि रात के समय खाने की किसी चीज में जहर मिलाया गया हो। मौके से आटा और कई अन्य सामान भी सबूत के रूप में लिए हैं।



किरण | आयु और अवनीश



स्नेहा | सुमित

### बच्चों के साथ किराए के फ्लैट में रह रही थी

जानकारी के अनुसार, किरण निवासी मुंडवाड़ा (सीकर) ने साल 2006 में अपने गांव के ही नेमीचंद से शादी की थी। घरवालों ने किरण का रिश्ता तय कर दिया था, लेकिन उसने घर से भागकर नेमीचंद से लव मैरिज कर ली थी। दोनों के एक बेटा सुमित और बेटी स्नेहा थी।

किरण 2018 में गांव छोड़कर किसी युवक के साथ सीकर में रहने लगी। 2019 में अपने पति नेमीचंद को तलाक दे दिया था। सीकर में रहने के दौरान किरण का संपर्क शैलेश निवासी झुंझुनूं से संपर्क हुआ और दोनों ने शादी कर ली। दोनों के 2 बेटे आयु और अवनीश थे।

### 60 लाख के इनामी तीन माओवादियों ने तेलंगाना में किया आत्मसमर्पण

**तेलंगाना।** छत्तीसगढ़ में सक्रिय रहे 20-20 लाख रुपये के इनामी तीन माओवादियों ने शुक्रवार को तेलंगाना में आत्मसमर्पण किया। इनमें दक्षिण बस्तर डिवीजन कमेटी प्रभारी कुनकती वेंकटैया उर्फ रमेश, चेतना नाट्य मंडली प्रभारी मोगिलिचेरला वेंकटराजू उर्फ एर्रा राजू और दक्षिण बस्तर जनताना सरकार की प्रभारी तोड़ेम गंगा उर्फ गंगाव्वा शामिल हैं।

# पश्चिम बंगाल में मेडिकल स्टूडेंट से गैंगरेप

**3 लोगों ने रास्ता रोका, दरिंदगी की; साथ में दोस्त था, वह छोड़कर भाग गया**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल स्टूडेंट के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। वारदात शुक्रवार की है। पीड़ित अपने एक पुरुष दोस्त के साथ डिनर पर गई थी। वापस लौटते समय 3 लोगों ने उनका रास्ता रोका। छात्रा का दोस्त उसे छोड़कर भाग गया, जिसके बाद आरोपियों ने उससे दरिंदगी की।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि पीड़ित ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली है और दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में सेकेंड ईयर की स्टूडेंट है। यह घटना मेडिकल कॉलेज कैंपस के बाहर हुई। मेडिकल छात्रा का पास के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।





इस बीच, राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम रविवार को दुर्गापुर जा रही है। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल को बलात्कारियों और अपराधियों के लिए सुरक्षित ठिकाना बना दिया है।

छात्रा कॉलेज से रात करीब 8: 30 से 9 बजे बाहर गई थी। रात करीब 10 बजे वापस लौटते समय गैंगरेप की घटना हुई। छात्रा के माता-पिता को देर रात मामले की जानकारी दी गई। वे आज सुबह दुर्गापुर पहुंचे और दुर्गापुर न्यू टाउनशिप थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

पुलिस के मुताबिक, छात्रा ने बताया कि जब तीन लोगों ने उसका रास्ता रोका, तो उसका दोस्त उसे अकेला छोड़कर चला गया। फिर आरोपियों ने उसका फोन छीन लिया और उसे जंगल में ले गए, जहां तीनों ने उसके साथ रेप किया।

**उदयपुर-अहमदाबाद हाईवे पर दर्दनाक हादसा**

# बोलेरो पलटने के बाद ट्रेलर ने रौंदा, 4 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** उदयपुर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर ऋषभदेव कस्बे में शनिवार रात भयानक सड़क हादसा हुआ।

भैंस को बचाने के प्रयास में चार वाहन- टैंकर, ट्रक, जीप और बोलेरो आपस में भिड़ गए। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई घायल हो गए।

हादसा रात करीब आठ बजे मयूर मिल के सामने हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई और शव पहचान से परे हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उदयपुर से लौट रही बोलेरो भैंस को बचाने के चक्कर में डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में पलट गई। बोलेरो में सवार चारों लोग किसी तरह बाहर निकलकर डिवाइडर पर खड़े हो गए। तभी सामने से तेज रफ्तार ट्रेलर आया और डिवाइडर से टकराते हुए चारों को रौंद दिया। हादसा इतना भीषण था कि शवों के चीथड़े सड़क पर बिखर गए।





**हत्या** | बागपत में कमरे में मिली लाशें, पति अफगानी विदेश मंत्री के स्वागत में गए थे

# बागपत : मौलाना की पत्नी और बेटियों की मस्जिद में हत्या

**बागपत।** बागपत में मौलाना की पत्नी और उनकी 2 बेटियों की हत्या कर दी गई। तीनों के शव मस्जिद के ऊपर बने कमरे में खून से लथपथ मिले।

बताया जा रहा है कि वारदात के समय मौलाना अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी का स्वागत करने सहारनपुर गए थे। वारदात दोघट थाना क्षेत्र के गांगनौली गांव की है।

मस्जिद में नमाज पढ़ने गए लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मृतकों की पहचान मौलाना की पत्नी इसराना (30), बेटी सोफिया (5) और उमय्या (2) के रूप में हुई है।

डीआईजी मेरठ कलानिधि नैथानी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस जांच में मस्जिद के सभी सीसीटीवी बंद मिले। पुलिस को शक है कि तिहरा हत्याकांड किसी करीबी ने ही किया है। बाद में मौके पर पहुंचे मौलाना से भी पुलिस पूछताछ कर रही है।







### मस्जिद में नमाज पढ़ाते हैं मौलाना

मुजफ्फरनगर के सुन्ना गांव में रहने वाले मौलाना इब्राहिम गांगनोली गांव की मस्जिद में नमाज पढ़ाने का काम करते हैं। वह पत्नी इसराना, बेटी सोफिया और सुमय्या के साथ मस्जिद की ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में रहते हैं। शनिवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे गांव के कुछ लोग मस्जिद में नमाज पढ़ने पहुंचे। उन लोगों ने नमाज पढ़वाने के लिए मौलाना को आवाज लगाई। लेकिन, कोई रिस्पांस नहीं मिलने पर वे लोग ऊपर वाले कमरे में उन्हें देखने पहुंचे। तभी उनकी नजर कमरे के बाहर बहकर आ रहे खून पर पड़ी।

गांववालों ने दरवाजा खोलकर देखा तो अंदर मौलाना की पत्नी और दोनों बच्चे खून से लथपथ पड़े थे। उनकी सांसें थम चुकी थीं। लोगों ने शोर मचाया, तो बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। फिलहाल पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। फोरेंसिक टीम साक्ष्य जुटा रही है। सिर पर भारी हथियार से किया गया वार तीनों के सिर पर भारी हथियार से वार किया गया है। सिर और चेहरे से ब्लड निकल रहा था। पूरे कमरे में खून ही खून फैला पड़ा था। तीनों शवों को देखने से साफ लग रहा है कि हत्या बेरहमी से पीट-पीटकर की गई है।

# संपादकीय

## ‘जब ईमानदारी अपराध बन जाए : हरियाणा आईपीएस की आत्महत्या और सत्ता का दबाव’

### प्रस्तावना : एक अफ़सर, एक चेतावनी



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत की नौकरशाही में यह पहली बार नहीं कि किसी ईमानदार अधिकारी ने निराशा में अपनी जान ले ली हो।
पर वाई. पूरन कुमार की आत्महत्या एक प्रश्न बनकर उठी है — क्या अब सत्य, स्वाभिमान और संवैधानिक निष्ठा की कोई जगह बची है?
**चंडीगढ़, 11 अक्टूबर 2025** — हरियाणा पुलिस के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार (2001 बैच) ने 7 अक्टूबर को अपने सरकारी आवास पर खुद को गोली मार ली। आठ पन्नों के सुसाइड नोट में उन्होंने नौ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, एक सेवानिवृत्त अधिकारी और तीन अन्य व्यक्तियों को अपनी मृत्यु के लिए जिम्मेदार ठहराया।
**उन्होंने लिखा —**
‘मुझे केवल राजेश खुल्लर ने मदद की, बाकी सबने मुझे तोड़ा।’
यह सिर्फ़ एक व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि एक पूरे तंत्र की नैतिक पराजय है।

### जाति, राजनीति और उत्पीड़न की जड़ें

पूरन कुमार दलित समुदाय से थे — डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों के अनुयायी। उनकी सोच थी कि पुलिस सेवा केवल कानून लागू करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की रक्षा का उपकरण भी है। लेकिन उन्हें उसी व्यवस्था ने कुचल दिया, जिसकी रक्षा की उन्होंने शपथ ली थी।

### उनके सुसाइड नोट में कई नाम दर्ज हैं —

रोहतक एसपी नरेंद्र बिजरनिया समेत कई उच्चाधिकारियों पर अपमान, धमकी और झूठे केस में फँसाने की कोशिश का आरोप लगाया गया है।
परिवार का आरोप है कि हालिया तबादला ‘राजनीतिक दबाव’ का परिणाम था। यह केवल हरियाणा की नहीं, बल्कि उस व्यापक बीमारी की कहानी है जो पूरे भारत की नौकरशाही में फैल चुकी है — जहाँ जाति और राजनीति ने तंत्र की रीढ़ को तोड़ दिया है।

### सत्ता की ठंडी साजिश

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा —**
‘चाहे अपराधी कितना भी प्रभावशाली हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा।’
लेकिन ऐसे बयान अब सिर्फ़ अख़बारों की सुर्खियाँ बनते हैं, न्याय का रास्ता नहीं।
क्योंकि हर बार जांच वहीं जाकर ठहर जाती है — ‘राजनीतिक दबाव’, ‘प्रोटोकॉल’ और ‘सिस्टम की मर्यादा’ पर। हरियाणा जैसे राज्यों में, जहाँ जाट-दलित समीकरण राजनीति की धुरी है, वहाँ एक ईमानदार दलित अफसर सत्ता और जाति — दोनों के बीच फँस जाता है।

### टूटता मनोबल, दम घुटता तंत्र

NCRB के आँकड़ों के अनुसार, 2023 में 100 से अधिक पुलिस कर्मियों ने आत्महत्या की।
हरियाणा में पिछले पाँच वर्षों में पाँच वरिष्ठ अधिकारी अपनी जान दे चुके हैं।
**ये सिर्फ़ आँकड़े नहीं —**
यह उस विवेक की मौत के प्रमाण हैं, जो कभी ‘सर्विस बिफोर सेल्फ’ कहलाता था।
***पूरन कुमार जैसे अफसर इसलिए नहीं मरे कि वे कमजोर थे,
वे मरे क्योंकि वे झुक नहीं सके।***

### ज़रूरी सुधार — वरना तंत्र का पतन तय

इस घटना को महज़ ‘सुसाइड’ न माना जाए, यह संस्थागत विफलता है।
सरकार को चाहिए कि —
**1.** इस मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में विशेष समिति करे।
**2.** सिविल सर्विस बोर्ड को पूर्ण स्वायत्तता दी जाए ताकि ट्रांसफर और प्रमोशन में राजनीति हस्तक्षेप न कर सके।
**3.** हर पुलिस रेंज में मानसिक स्वास्थ्य केंद्र और परामर्श तंत्र अनिवार्य किए जाएं।
**4.** जातिगत उत्पीड़न के मामलों में तत्काल कार्रवाई और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।
कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इसे ‘दलित उत्पीड़न का चरम’ कहा, वहीं नागरिक समाज मांग कर रहा है कि आरोपी अधिकारियों को निलंबित कर तुरंत गिरफ्तार किया जाए।

### अंतिम शब्द : सिस्टम की आत्मा पर घाव

वाई. पूरन कुमार अब नहीं रहे,
पर उनका नाम उस हर ईमानदार अधिकारी के मन में दर्ज रहेगा जो सत्ता के आदेश से पहले संविधान की शपथ को याद करता है।

### उनकी मौत एक संकेत है —

अगर शासन अपने ही सच्चे सिपाहियों को तोड़ देगा, तो जनता का विश्वास भी उसी के साथ मर जाएगा।
पूरन कुमार ने भले ही खुद पर गोली चलाई, पर असल में यह गोली उस सिस्टम के दिल में लगी है —
जिसने ‘सत्य’ को ‘सुविधा’ और ‘निष्ठा’ को ‘राजनीति’ में बदल दिया।
‘यह केवल एक अफ़सर की मौत नहीं, बल्कि भारत की प्रशासनिक आत्मा पर दर्ज एक और लहूलुहान स्याही है।’

## हर ख्वाब झलके चाँदनी में।

चाँद झिलमिल कर बिखरी, शरद रात सजी चाँदनी में,
सपनों की परतें खोलती, हर ख्वाब झलके चाँदनी में।

ठंडी हवा गीत सुनाए, तारों संग ये रात आई,
संग सितारों की खामोशी में, कोई दास्तां घुली चाँदनी में।

हाथों में हाथ, नज़रों में बात, दिल की हर धड़कन बजी,
रात की चाँदनी में लिखी, हर खुशी रंगी चाँदनी में

सावन की बूंदों की यादें, मन को जैसे गीत सुनाए,
हर सांस में मोहब्बत के फूल, जैसे खिलते घुली चाँदनी में।

अधूरी बातें, अधूरी चाहतें, लहरातीं हैं चुप-चुप,
शरद की रोशनी में खोई, हर खामोशी गूंजे चाँदनी में।

संजीव पूछे सितारों से और हवाओं से,
कितनी नज़ाकत समाई, कितनी सजी चाँदनी में।

**संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़**

# देश-दुनिया की निगाहे माइनिंग सेक्टर तो एग्रेसिव मोड पर राजस्थान

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**




अमेरिका कभी कनाडा को अमेरिका का राज्य ही बनाने में जुटा है तो यूक्रेन की खनिज संपदा अपने नाम करवाने या रुस पर दबाव बनाने के पीछे धरती के गर्भ में समाई खनिज संपदा ही है। खनिज संपदा पर आज दुनिया के देशों की नजर है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बौखलाहट से एक बात साफ हो जानी चाहिए कि आज अमेरिका ही नहीं दुनिया के अन्य देशों के लिए भी धरती के गर्भ में समाई खनिज संपदा महत्वपूर्ण हो गई है। अमेरिका चाहे यूक्रेन पर दबाव बना रहा हो या कनाड़ा को राज्य के रुप में घोषित कर अमेरिका में मिलाने की छटपटाहट हो या अन्य देशों की और भ्रकुटी तानने या मेल मिलाप के प्रयास हो सब कुछ इस खनिज संपदा को लेकर ही है। आज चाइना की मोनोपोली देखने को मिल रही है उसका बड़ा कारण भी उसके पास रेयर अर्थ एलिमेंट सहित आज के बदलते युग की मांग को पूरी करने वाली पुरासंपदा के अथाह भण्डार के कारण ही है। ऐसे में वैसे तो दुनिया के देश खनि संपदा को लेकर गंभीर है वहीं हमारे देश में भी केन्द्र और राज्य सरकारें खनिज खोज, खनन और खनिज आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की कमर कस ली है। ऐसे में राजस्थान सरकार भी माइनिंग सेक्टर प्रोएक्टिव भूमिका निभाते हुए आगे आया है। वर्तमान सरकार खासतौर से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को खनन क्षेत्र में राजस्थान को अग्रणी प्रदेश बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। राजस्थान की सरकार द्वारा योजनाबद्ध प्रयासों के तहत प्रदेश में खनिज से जुड़े सभी पहलूओं के योजनावद्ध क्रियान्वयन, समन्वय, प्रबंधन, प्रभावी मोनेटरिंग, एक्सप्लोरेशन, राजस्व, निवेश एवं रोजगार बढ़ोतरी, सस्टेनेबल माइनिंग, माइनिंग सेक्टर में देश दुनिया में हो रहे नवाचार और नवीनतम तकनीक और उसके प्रदेश में उपयोग सहित विभिन्न बिन्दुओं को लेकर विभाग द्वारा उच्चस्तरीय परियोजना मोनेटरिंग इकाई (पीएमयू) का गठन किया है। माना जा रहा है कि प्रदेश में क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक खनिजों के साथ ही प्रधान व अप्रधान खनिजों के विपुल भण्डारों को देखते हुए पीएमयू के गठन से खनिज क्षेत्र को और अधिक गतिशील बनाया जाएगा। इससे खानें जल्दी परिचालन आने के साथ ही निवेश एवं रोजगार के अवसर बढेंगे। वैसे भी आने वाले समय में माइनिंग सेक्टर की भूमिका में बड़ा बदलाव आने लगा है। अमेरिकी राष्ट्रप्रति ट्रॅप की छटपटाहट से इसे आसानी से समझा जा सकता है।

अमेरिका कभी कनाडा को अमेरिका का राज्य ही बनाने में जुटा है तो यूक्रेन की खनिज संपदा अपने नाम करवाने या रुस पर दबाव बनाने के पीछे धरती के गर्भ में समाई खनिज संपदा ही है। खनिज संपदा पर आज दुनिया के देशों की नजर है। चीन के वर्चस्व का बड़ा कारण उसका आरईई सहित खनिज संपदा पर एकाधिकार ही है और आज चीन के इस वर्चस्व को कम करने में ही जुटे हुए हैं। खैर यह विषयांतर होगा पर एक बात साफ है कि माइनिंग सेक्टर में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में तेजी से काम होने लगा है और राजथान ऑक्शन सहित रेवेन्यू अर्जन विकास दर आदि में अव्वल हो गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा माइनिंग सेक्टर में विपुल संभावनाओं को देखते हुए राजस्थान के माइनिंग सेक्टर को देश में अग्रणी राज्य बनाने पर जोर देते रहे हैं। नई खनिज नीति, एम-सेण्ड नीति, रिप्स में सहायता प्रावधान, एमनेस्टी योजना सहित प्रक्रिया के सरलीकरण और खनन क्षेत्र विकास के महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं। पीएमयू के गठन के साथ ही खनन क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख गतिविधियों को 7 सेक्टरों में चिन्हित किया गया है।

प्रमुख सचिव माइन्स टी रविकान्त का मानना है कि सभी क्षेत्रों में समन्वित व तेजी से विकास के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को जोड़ते हुए पीएमयू का गठन किया गया है जिससे योजनावद्ध तरीके से तेजी से आगे बढ़ा जा सके।

एक्सप्लोरेशन, ऑक्शन, शीध्र परिचालन, रिसर्च एवं डव्लपमेंट, जीरो लॉस माइनिंग, इकोटूरिज्म की संभावनाओं, पेपरलेस सहित विभिन्न गतिविधियों का समावेश किया गया है। विभाग के वरिष्ठ व विशेषज्ञ अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

खनिज क्षेत्र से जुड़े 7 प्रमुख सेक्टरों में से पहले एक्सप्लोरेशन व ऑक्शन का बनाया गया है। इस दल द्वारां कोमोडिटी, मिनरल ग्रेड, खनन के प्रकार सहित विभिन्न बिन्दुओं पर कार्य करेगी।

यह दल जीएसआई सहित तकनीकी विशेषज्ञों से समन्वय बनाते हुए एक्सप्लोरेशन से ऑक्शन आदि संबंधित कार्यों को और अधिक प्रभावी गति दी जा सकेगी। इसी तरह से ऑक्शन किये गये माइनर और मिनरल ब्लॉकों को जल्द से जल्द परिचालन में लाने के लिए संबंधित स्टेक होल्डर्स व खान विभाग सहित संबंधित विभागों से समन्वय बनाते हुए आवश्यक अनुमतियां दिलाने में सहयोग के साथ ही शीघ्र परिचालन में लाने का कार्य करेगी।

विभाग का जोर खनन क्षेत्र में राजस्व बढ़ाने और राजस्व में किसी भी तरह की छीजत को रोकना भी है और इसके लिए एक दल को मोनेटरिंग सहित आवश्यक सभी जिम्मेदारियां दी गई है।

डीएमएफटी के कार्य को गति देने और राशि के बेहतर उपयोग की मोनेटरिंग की जिम्मेदारी सौंपते हुए डीएमएफटी फण्ड के अन्य प्रदेशों में उपयोग को लेकर अध्ययन सहित योजना, क्रियान्वयन व मोनेटरिंग का फ्रेमवर्क तैयार करने को कहा गया है।


राज्य सरकार का सस्टेनेबल माइनिंग पर जोर रहने के साथ ही बदलते परिवेश में यह आवश्यक भी हो गया है। सस्टेनेबल माइनिंग और ऑटोमेशन और तकनीक सेक्टर दल द्वारा स्टार रेंटिंग, बंद व कार्य नहीं कर रही खानों में इको टूरिज्म की संभावनाओं व क्रियान्वयन, डम्प ओवरवर्डन आदि के रिसाइक्लिनिंग व उपयोग, श्रेष्ठ कार्य करने वाली खानों को प्रोत्साहित करने के साथ ही विभागीय सिस्टम को नई तकनीक से जोड़ने और पेपरलेस करने की दिशा में कार्य दिया गया है। इसी तरह से खनिज क्षेत्र में शोध एवं विकास को बढ़ावा देने, अधिकारियों के रिओरियेंटेशन, खनन क्षेत्र से जुड़े स्टेक होल्डर्स व विभाग के बीच साझा मंच उपलब्ध कराने, देश दुनिया में तकनीक में आ रही बदलाव से रुबरु कराने सहित इस तरह के कार्यों के लिए कॉन्क्लेव, सेमिनार, संगोष्ठियां, प्रशिक्षण कार्यक्रम की रुपरेखा व आयोजन का कार्य किया जाएगा। राज्य सरकार ने पीएमयू गठित कर जिम्मेदारी तय करने के साथ ही सरकार की ईच्छा शक्ति स्पष्ट कर दी है। अब पीएमयू टीम को जी जान से जुटते हुए माइनिंग के सभी क्षेत्रों में अग्रणी बनाने के लिए जुट जाना होगा।

माइनिंग सेक्टर आज देश दुनिया में महत्वपूर्ण सेक्टर हो गया है। ऐसे में राजस्थान सरकार द्वारा प्रोएक्टिव रोल अपनाने की पहल निश्चित रुप से समय की मांग के अनुकूल है। केन्द्र सरकार भी गंभीर है और क्रिटिकल व स्ट्रेटेजिक खनिजों की नीलामी का काम तो केन्द्र सरकार ने अपने हाथों में ले लिया है।

इसी तरह से केन्द्र सरकार ने मोनेटरिंग सिस्टम को मजबूत करने के साथ ही प्रोत्साहन के रुप में परफोरमेंस के आधार पर खानों की रेटिंग कर पुरस्कृत करने की पहल की है जिससे स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा को माहौल बना है। राजस्थान सरकार ने भी रेटिंग सिस्टम अरंभ करने की पहल की है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3678




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 3677 का हल



## हंसी के फूव्वारें

विज्ञान की कक्षा में छात्रा को बहुत नींद आ रही थी. व्याख्यान के दौरान उसकी गर्दन बार-बार नीचे लटक जा रही थी.

प्राध्यापिका का ध्यान जब उसकी तरफ गया तो पूछ बैठी, ‘मैं समझा रही हूँ और तम्हारी गर्दन बार-बार नीचे झुक जाती है, क्या कारण है ?’

छात्रा ने झट विज्ञान की भाषा में ही जवाब देते हुए कहा, ‘जी, यह तो पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के कारण हो रहा है.’

□ □ □

‘क्यों बच्चे, यह गेंद तुम्हारी है ?’
‘अंकल, इससे कोई शीशा टूटा है ?’
‘नहीं तो ?’
‘फिर यह मेरी ही है.’

□ □ □

रसोई में घरवाली की सहायता करते हुए पति चिढ़कर बोले,‘देखोजी, मुझसे तो ये रोटियां बेली नहीं जातीं. बेलने का अभ्यास जो नहीं है.’

‘मुझसे विवाह करने के लिए तुमने कितने पापड़ बेले थे, भूल गये क्या ?’

□ □ □

एक अविवाहित डॉक्टर से बोला- जब मैं दोनों हाथ पर आगे झुककर हाथों को घुमाता हूँ तो दाहिने कंधे में दर्द होता है.

डॉक्टर- लेकिन आप ऐसा करते ही क्यों हैं ?

अविवाहित-कोट पहनने का कोई दूसरा उपाय आप जानते हों तो मुझे भी बताएँ.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3678



**बायें से दायें:-**

१. अनिल कपूर, श्रीदेवी, उर्मिला की ‘हो मुझे प्यार हुआ’ गीत वाली फिल्म-३
३. ‘मन क्यों बहका रे’ गीत वाली फिल्म-३
५. जैकी, संजयदत्त, रवीना की ‘याइला रे लड़की मस्त मस्त’ गीत वाली फिल्म-२
६. ‘छोटा बच्चा जानके’ गीतवाली फिल्म-३
७. अक्षय, जैकी, सुनील, रवीना, लारा की ‘कोई प्यार ना करे’ गीतवाली फिल्म-२
८. फिल्म ‘चलते चलते’ में नायिका-२
९. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की ‘जिया जले जान’ गीत वाली फिल्म-२,१
११. ‘खुल गया नसीब देखो साला’ गीत वाली सुनील शेट्टी, पूजा की फिल्म-२
१२. अमिताभ, फरदीन, करीना की ‘जब नहीं आये थे’ गीत वाली फिल्म-२
१३. ‘भैया मेरे पापा को’ गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१४. बिश्वजीत, माला सिन्हा की ‘अकेला हूँ मैं’ गीत वाली फिल्म-२
१५. ‘तेरी दुनिया से दूर’ गीत वाली महीपाल, श्यामा की फिल्म-३
१८. कंवलजीत, वहीदा रहमान की ‘पर्वतों के पेड़ों पर’ गीत वाली फिल्म-३
२०. मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२१. राजेशखन्ना, मुमताज की ‘गोरे रंग पे ना इतना’ गीत वाली फिल्म-२
२२. ‘दुनिया जब जलती है’ गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२
२३. देव आनंद, माला की ‘कोई सोने के दिल वाला’ गीत वाली फिल्म-२
२७. ‘मेरी उमर के नौजवानों’ गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
२८. नसीर, आमिर, सोनाली की ‘होशवलों को खबर’ गीत वाली फिल्म-५
२९. ‘प्रहार’ में डिम्पल के साथ नायक ?-२
३०. गोविंदा, नीलम की ‘मैं प्यार का पुजारी’ गीत वाली फिल्म-२
३१.‘मैं क्या करूं राम’ गीतवाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. ‘जब कोई बात बिगड़ जाये’ गीत वाली विनोद खन्ना, मीनाक्षी शेशद्रि की फिल्म-२
२. संजीवकुमार, लीना चंदावरकर की ‘पैसे बिना प्यार फिजूल है’ गीत वाली फिल्म-३
३. ‘इन आँखों की मस्ती के’ गीत वाली नसीर, फारूख शेख, रेखा की फिल्म-४,२
४. राजकुमार, सुनीलदत्त, साधना, शर्मिला की ‘हम जब सिमट’ गीत वाली फिल्म-२
५. ‘दो प्यार करने वाले’ गीत वाली फिल्म-३
७. जैकी श्रॉफ, जूही, अमृता की ‘मेरी बन्नो की’ गीत वाली फिल्म-३
९. ‘शाम है धुआं धुआं’ गीत वाली अजय देवगन, मधु, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-४
१०. विनोद खन्ना, नीतूसिंह की ‘बनके संवरके मैं निकली’ गीत वाली फिल्म-३
१६. ‘अगर जिंदगी हो तेरे’ गीत वाली अविनाश वधावन, आयशा की फिल्म-३
१७. गुरूदत्त, आशा पारेख की ‘वो दिल कहाँ से लाऊं’ गीत वाली फिल्म-३
१९. ‘दुनिया हसीनों का मेला’ गीत वाली बॉबी, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
२०. संजीवकुमार, रेहाना सुल्तान की फिल्म-३
२४. ‘छू कर मेरे मन’ गीत वाली अमिताभ, अमजदखान, नीतूसिंह की फिल्म-३
२५. ‘मैं कुड़ी अनजानी’ गीत वाली फिल्म-२
२६. ‘तू लाली है सवेरे वाली’ गीत वाली विनोद मेहरा, सायराबानो की फिल्म-३
२८. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की ‘मेरे पास भी है’ गीत वाली फिल्म-४
२९. संजयदत्त, कुमार गौरव, पूनम की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3677



## सूडोकु -3678

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3677 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## शब्द पहेली - 3678



**बाएँ से दाएँ**
1.सरदार,अगुआ-4
5.जनमत,एक राय-4
9.पुराना जुकाम-3
10.चिंता,परवाह-3
12.पैंदा,तल्ला-2
14.ताल,सुर,आलाप-2
15.महोदय (अंग्रेजी-2)
16.लाडला,दुलारा-2
17.निवास करना-3
19.डोली उठाने वाले-3
21.नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22.तड़फाना-4
24.जल में रहनेवाला-4
25.दरियादिल,करुण-5
26.इराक की राजधानी-4
29.भेंट,पुरस्कार-4
33.पासों से भविष्य देखना-3
34.अश्ववाहक,घुड़सवार-3
36.चौकसी,रखवाली-3
37.हलक,कंठ-2
38.सदैव-2
39.लार -2
42.निश्चित-2
42.कालीन-3
43.बंदर,मर्कट-3
45.किसान-4
46.इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**
2.क्रिकेट में बनते हैं-2
3.नगमा,गीत (उर्दू-3)
4.जो लायक न हो-4
5.अधिकारी,अफसर-4
6.राशिचक्र की एक राशि -3
7.झगड़ा,बैर-2
8.आदत,व्यवहार-4
11.शमशीर-4
13.तरंग,हिलोर-3
16.तृष्णा,लोभ-3
18.अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20.जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21.नीर,पानी-2
23.देवर्षि-3
24.ईर्ष्या,डाह-3
26.वटवृक्ष-4
27.जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28.दलहन-2
30.मंत्र जाप-2
31.तसल्ली,आराम-3
32.भगवान विष्णु-4
34.धर्मशीलता-4
35.पैजामा-4
38.तमीज-3
40.साजन,प्रेमपात्र-3
42.पहरा,चौकसी-2
44.अवकाश-2

### शब्द पहेली -3677 का हल



# ग्रेटर नोएडा में गलत इंजेक्शन से छात्र की मौत

**बुखार था, इंजेक्शन लगाते ही शरीर नील पड़ गाय, परिजनों ने एसीपी कार्यालय को घेरा**



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के दादरी में शुक्रवार को एक छात्र की कथित तौर पर गलत इंजेक्शन लगने से मौत हो गई। मामले में परिजनों और ग्रामीणों ने एसीपी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ तत्काल कार्रवाई और क्लिनिक बंद करने की मांग की। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच का आश्वासन दिया है।

हापुड़ के नगला गांव का रहने वाला रजत भाटी (15) नौवीं कक्षा का छात्र था। 4 अक्टूबर को अचानक तबीयत खराब हो गई थी। उसे बुखार था, जिसके बाद परिजन उसे जारचा थाना क्षेत्र के एक निजी क्लिनिक पर ले गए। वहां डॉक्टर ने उसे दो इंजेक्शन लगाए।

### इंजेक्शन लगाते ही शरीर नीला पड़ा

परिजनों के अनुसार, इंजेक्शन लगते ही रजत का शरीर नीला पड़ गया। आनन-फानन में उसे दूसरे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों ने आरोप लगाया है कि क्लिनिक के डॉक्टर द्वारा लगाए गए गलत इंजेक्शन के कारण ही रजत की तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद, परिजनों ने रजत का दाह संस्कार कर दिया था और सीएमओ से शिकायत भी की थी, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी के चलते शुक्रवार को ग्रामीण एक बार फिर एकजुट होकर दादरी एसीपी कार्यालय पहुंचे।

### आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग

प्रदर्शनकारियों ने क्लिनिक को बंद करने, आरोपी डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस ने बताया कि उन्हें 5 दिन पहले हुई इस मौत के संबंध में शिकायत मिली है।

परिजनों ने क्लिनिक संचालक पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि क्लिनिक संचालक घटना के बाद से ही क्लिनिक बंद कर फरार है।

## यमुना प्राधिकरण सेक्टर 18 में लाखों की चोरी

**जेवर।** यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 18 में एक मकान की ग्रिल काटकर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित परिवार को शनिवार शाम घर पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। इस संबंध में उन्होंने रबपुरा कोतवाली में शनिवार शाम अज्ञात आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। सिकंदराबाद निवासी पन्नालाल ने बताया कि उनका मकान यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 18 में है, जहां परिवार के सदस्य कम ही रहते हैं। शनिवार शाम जब वे घर पहुंचे, तो देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर लोहे की ग्रिल कटी हुई थी और बिजली की मोटर सहित लगभग डेढ़ लाख रुपये का अन्य कीमती सामान गायब था। पीड़ित के अनुसार, चोरों ने शुक्रवार रात इस वारदात को अंजाम दिया। सेक्टर के अन्य निवासियों का कहना है कि पिछले कई महीनों से यहां चोर सक्रिय हैं और इसी तरह कई मकानों में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस अभी तक किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बाल विकास परियोजना अधिकारी ने आंगनवाड़ी केंद्र ऐछर का किया भ्रमण



**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति 5.0 एवं पोषण माह अभियान के अंतर्गत आज बाल विकास परियोजना अधिकारी दनकौर संध्या सोनी द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र ऐछर का भ्रमण किया गया। इस दौरान केंद्र पर टीकाकरण सत्र आयोजित था।

संध्या सोनी ने इस अवसर पर उपस्थित लाभार्थियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को संबोधित करते हुए पॉलिथीन का प्रयोग ना करें संदेश दिया। उन्होंने बताया कि पॉलिथीन का अत्यधिक प्रयोग मानव स्वास्थ्य के साथ-साथ पृथ्वी, जलवायु और वायुमंडल को भी प्रदूषित करता है। पॉलिथीन में रखे खाद्य पदार्थ अनेक बीमारियों, विशेषकर कैंसर जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकते हैं।

कार्यक्रम में केंद्र पर उपस्थित महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की जानकारी भी दी गई। उन्होंने बताया कि ये योजनाएँ गर्भवती महिलाओं एवं बालिकाओं के कल्याण हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण पहल हैं, जिनके माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को सीधा आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। सत्र के दौरान एएनएम संघिमल द्वारा टीकाकरण के महत्व पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि टीके न केवल बच्चों को विभिन्न रोगों से बचाते हैं, बल्कि उनमें बीमारियों से लड़ने की शक्ति भी प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा महिला सशक्तिकरण के प्रति जनजागरूकता फैलाना रहा। यह कार्यक्रम जागरूकता और जनहित के संदेश के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## नोएडा में राफे एमफाइबर करेगा विस्तार

**रक्षा उपकरणों की करता मैन्यूफैक्चरिंग, पराग डेयरी की जमीन खरीदी**

एजेंसी

**नोएडा।** रक्षा उपकरण निर्माता कंपनी राफे एम फाइबर प्राइवेट लिमिटेड ने अपने मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट का विस्तार करने जा रही है। कंपनी ने पराग डेयरी से 11.5 एकड़ जमीन खरीदने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की मंजूरी प्राप्त कर ली है।

इस सौदे के बाद राफे का मौजूदा 4 एकड़ का संयंत्र जोकि सेक्टर 81, फेज -2 में है बढ़कर करीब 15 एकड़ तक फैल जाएगा।

कंपनी को राज्य कैबिनेट द्वारा स्वीकृत 101 करोड़ रुपए के इस लेनदेन में नोएडा प्राधिकरण को कोई ट्रांसफर शुल्क नहीं देना होगा। जिससे रक्षा क्षेत्र में कंपनी के विस्तार का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

बताया गया है कि राफे एम फाइबर भारतीय सेना और पुलिस बलों के लिए यूएवी, इंजन, पेलोड और अन्य रक्षा प्रणालियां बनाती है। कंपनी पहले ही अपने मौजूदा संयंत्र में 800 करोड़ रुपए का निवेश कर चुकी है, और विस्तार के बाद उसकी हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग क्षमताएं और बढ़ेंगी।

### पराग डेयरी यमुना क्षेत्र में मिलेगा 10 एकड़ का प्लाट

दूसरी ओर पराग डेयरी को इस बिक्री के बाद यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास क्षेत्र सेक्टर-32 में 10 एकड़ जमीन औद्योगिक दरों पर खरीदने में किया जाएगा। राफे एम फाइबर उसी क्षेत्र में 4 लाख लीटर प्रतिदिन की क्षमता वाला नया डेयरी संयंत्र स्थापित करेगा, जिसे तैयार होने के बाद पराग को सौंप दिया जाएगा। कंपनी फेज -2 स्थल से मौजूदा मशीनरी को स्थानांतरित करने का खर्च भी वहन करेगी।

## नोएडा में कंस्ट्रक्शन इमारत में लगी आग

**नोएडा।** सेक्टर-107 ग्रेट वैल्यू शरणम सोसाइटी की एक अंडर कंस्ट्रक्शन इमारत में आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही मौके पर तीन गाड़ियों को भेजा गया। आग कंस्ट्रक्शन के लिए लाए गए सामान में लगी थी। जिसे 30 मिनट की मशक्कत के बाद काबू पाया गया। आग से कोई जन नुकसान नहीं हुई है। हालांकि यहां रखा कंस्ट्रक्शन का सामान जल गया। ग्रेट वैल्यू शरणम सोसाइटी में इमारत का निर्माण किया जा रहा है। इसके ग्राउंड फ्लोर पर सामान रखा था। जिसमें अचानक से आग लग गई। आग से धुआं भरने लगा। मौके पर मौजूद लोग बाहर आ गए। गार्ड ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। आग फैले नहीं इसके लिए पहले पानी सामान पर डाला गया। उसे हटाया गया।

## नोएडा में 'रन फॉर एम्पावरमेंट'

- नोएडा स्टेडियम में रन फॉर एम्पावरमेंट ने समाज में महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के प्रति एक सकारात्मक का भी दिया संदेश



**नोएडा। वकार सैफी।** नोएडा मे चल रहे मिशन शक्ति के तहत रन फॉर एंपावरमेंट का आयोजन नोएडा स्टेडियम में किया गया। इसका शुभारंभ नोएडा स्टेडियम के गेट नंबर 4 से स्थानीय सांसद डॉ महेश शर्मा ने हरी झंडी दिखा कर किया। इसमें भारी संख्या में महिला पुलिसकर्मियों, एनजीओ से जुड़ी महिलाओं और स्कूलों की छात्राओं भाग लिया गया। बता दे कि रन फॉर एंपावरमेंट में भाग ले रही महिलाओं ने इसके माध्यम से नारी सम्मान और सशक्तीकरण का संदेश फैलाने के लिए प्रतिभागियों ने विभिन्न जागरूकता प्लेकार्ड्स के साथ स्टेडियम के आसपास के मार्गों पर दौड़ लगाई। यह दौड़ नोएडा स्टेडियम में शुरू होकर आसपास के क्षेत्रों से गुजरते हुए नोएडा स्टेडियम में समाप्त हुई।

बता दे कि जॉइंट सीपी राजीव नारायण मिश्रा ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें जागरूकता अभियान, कल्याणकारी योजनाएं और महिलाओं की समस्याओं का त्वरित समाधान शामिल है। रन फॉर एंपावरमेंट में शामिल हुई प्रतिभागियों ने नारी सशक्तीकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस दौड़ ने न केवल जागरूकता फैलाई, बल्कि समाज में महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के प्रति एक सकारात्मक संदेश भी दिया। मिशन शक्ति 5.0 के तहत उत्तर प्रदेश सरकार और पुलिस द्वारा किए जा रहे ये प्रयास महिलाओं को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

## नोएडा में कुशीनगर के पूर्व डीपीओ पर दर्ज होगा मुकदमा

**मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दिया था 3 साल पहले आदेश, डीएम से नहीं मिली अनुमति**




**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिला न्यायालय ने कुशीनगर जिले के पूर्व जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) शशि कुमार सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। आरोप है कि डीपीओ ने विभाग के लिए दादरी के व्यापारी से कुछ स्टेशनरी खरीदी, लेकिन उसका भुगतान नहीं किया।

### डीपीओ ने खरीदी थी स्टेशनरी

दादरी निवासी विवेक गोयल की फर्म से पूर्व डीपीओ शशि कुमार सिंह ने सरकारी विभाग के लिए स्टेशनरी खरीदी थी। जब व्यापारी ने भुगतान के लिए कहा, तो डीपीओ ने कई दस्तावेजों की मांग की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने पिछले साल 3 दिसंबर को आदेश दिया था कि डीपीओ के खिलाफ केस दर्ज करने से पहले कुशीनगर के जिलाधिकारी से अनुमति ली जाए। आठ महीने बीत जाने के बाद भी अनुमति नहीं मिलने पर व्यापारी ने अदालत का रुख किया। न्यायालय ने 27 अगस्त को निर्देश दिया कि 17 सितंबर तक जिलाधिकारी कुशीनगर अपनी आख्या भेजें। 120 दिन बीतने के बाद भी रिपोर्ट नहीं आने पर अदालत ने डीपीओ के खिलाफ दादरी पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दे दिया।

## ग्रेटर नोएडा सोसायटी में निकला कोबरा सांप

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के यमुना प्राधिकरण की एक आवासीय सोसायटी के सेक्टर 22 डी स्थित अपार्टमेंट में शनिवार को एक कोबरा सांप दिखाई दिया। इससे सोसायटी में हड़कंप मच गया। निवासियों ने करीब 10 घंटे की मशक्कत के बाद शनिवार शाम सांप को पकड़ा, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। सोसायटी के वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश त्रिपाठी और राज श्रीवास्तव ने बताया कि सेक्टर 22 डी के एक अपार्टमेंट में रमेश सभरवाल के फ्लैट की रसोई में शनिवार सुबह कोबरा सांप देखा गया। सांप निकलने की सूचना मिलते ही अन्य निवासी भी मौके पर पहुंच गए। शुरुआत में निवासियों ने वन विभाग और सपेरे से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें मदद नहीं मिल पाई। इसके बाद निवासियों ने स्वयं सांप को पकड़ने के विभिन्न प्रयास किए। शनिवार शाम को किसी तरह सांप को पकड़कर एक डिब्बे में बंद कर दिया गया। निवासियों का कहना है कि सेक्टर के चारों ओर झाड़ियों का जंगल है, जिसके कारण पहले भी सोसायटी में सांप निकल चुके हैं। उन्होंने यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों से झाड़ियों की साफ-सफाई की मांग की है।

## आईडीसी ने प्राधिकरण अधिकारियों को दिए निर्देश

- गुणवत्ता पूर्व किया जाए निर्माण, दिल्ली सरकार से साथ बनाए प्लान, शाहदरा ड्रेन को करे साफ

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा के लिए शनिवार को औद्योगिक विकास आयुक्त व प्राधिकरण के चेयरमैन दीपक कुमार ने बैठक की। इस दौरान प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम, एसीईओ व अन्य सभी अधिकारी मौजूद रहे। शुरुआत सिविल कार्यों से की गई। प्रशासनिक भवन को जल्द पूरा करने के लिए कहा गया। इसके अलावा चिल्ला एलिवेटेड पर चर्चा की गई। बताया गया कि चिल्ला एलिवेटेड नोएडा-दिल्ली को जोड़ने का बेहतर विकल्प है। इस पर समय से गुणवत्ता पूर्व काम कराया जाए।

### एक समान पॉलिसी करे तैयार

यमुना पुश्ता पर एक्सप्रेस वे समानांतर एलिवेटेड योजना से वाकिफ कराया गया। बताया गया कि ये रोड एनएच से बनवाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसके बाद उन भंगेल एलिवेटेड और अन्य योजनाओं की जानकारी ली गई। आईडीसी ने तीनों प्राधिकरण के अधिकरियों को एक साथ बैठक कर वार्ता करने के लिए कहा ताकि यूनीफाइड पॉलिसी और अन्य प्रकार की पॉलिसी में समानता लाई जा सके। ताकि आवंटियों को दिक्कत न हो।

### शाहदरा ड्रेन की जाए सफाई

उन्होंने कहा कि नोएडा में शाहदरा ड्रेन से काफी बदबू आती है। इसको दूर करने के लिए दिल्ली सरकार से बातचीत की जाए। एक प्लान तैयार किया जाए जिससे शाहदरा ड्रेन के पानी को भी साफ रखा जा सके।

### भूखंड योजना में लाए पारदर्शिता

इसके बाद औद्योगिक, संस्थागत, कामर्शियल, आवासीय की योजनाओं की जानकारी ली गई। जल्द ही औद्योगिक भूखंड योजना के तहत ई नीलामी की प्रक्रिया होनी है। इस प्रक्रिया को पूरी तरह से पारदर्शी बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इसके आद उन्होंने ग्रेटरनोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे के अधिकारियों के साथ नोएडा में बैठक की।

## जेबीएम यूनिवर्सिटी के खिलाफ किसानों का धरना

**जल दोहन के खिलाफ जताया विरोध, विधायक ने दिया कार्रवाई का आश्वासन**




**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में स्थित जेबीएम यूनिवर्सिटी द्वारा किए जा रहे जल दोहन के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) का धरना शनिवार को भी 80वें दिन जारी रहा। यह प्रदर्शन सेक्टर 22ई में मास्टर श्यौराज के नेतृत्व और मनवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

धरना स्थल पर मौजूद पदाधिकारियों ने यूनिवर्सिटी द्वारा किए जा रहे जल दोहन को रुकवाने की कार्रवाई की। इसके बाद, जेवर विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह ने अपने प्रतिनिधि को धरना स्थल पर भेजा। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को लेकर जिलाधिकारी और यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी से बातचीत कराई जा सकती है।

विधायक प्रतिनिधि ने किसानों से अपनी मांगों का ज्ञापन तैयार रखने को कहा। उन्होंने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वार्ता के लिए लखनऊ भेजा जा सकता है।

किसानों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा उनकी समस्या पर संज्ञान लेने के लिए विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह का आभार व्यक्त किया। धरने में अहमद सहीद, अफजल, आकिल, जरीफ खां, रौदास, सिब्बू मुखिया, ओमपाल, राजन, शीले लखपत, उदयपाल, हरिओम और अनिल भाटी सहित कई किसान उपस्थित रहे।

## शारदा अस्पताल पर आयुष्मान कार्ड धोखाधड़ी का आरोप

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के शारदा अस्पताल में आयुष्मान कार्ड धारकों के नाम पर कथित अनियमितताओं को लेकर किसान एकता महासंघ ने शनिवार को प्रदर्शन किया। संगठन ने अस्पताल प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया कि अस्पताल गरीब मरीजों से ठगी कर रहा है और सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहा है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कसाना ने बताया कि नॉलेज पार्क-3 स्थित शारदा अस्पताल में एजेंटों के माध्यम से अन्य राज्यों से आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों को लाया जाता है। आरोप है कि इन मरीजों को इलाज के बहाने पांच दिनों तक अस्पताल में रखा जाता है और उनके नाम पर 5 लाख रुपए तक की सरकारी सहायता राशि निकाली जाती है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि एक सप्ताह के भीतर इस कथित भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई गई, तो किसान एकता महासंघ अस्पताल के मुख्य द्वार पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करेगा। ज्ञापन सौंपते समय राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी बाली सिंह, रमेश कसाना, पप्पू प्रधान, राजवीर ठेकेदार, राजेंद्र चौहान, रवि नागर, अमित नागर, कर्मवीर भाटी, राकेश चौधरी, अरविंद सेक्रेटरी, बलजीत हवलदार, मास्टर इंद्रपाल सिंह, वीरू ठेकेदार, साजिद प्रधान, सुशील राजपूत, विपिन राजपूत, मोनू कसाना सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शार्ट न्यूज

### 11वीं का छात्र स्कूल में तमंचा लेकर पहुंचा

**गौतम बुद्ध नगर।** दादरी के मिहिर भोज इंटर कॉलेज में 11वीं कक्षा का एक छात्र बैग में अवैध तमंचा लेकर स्कूल पहुंचा। प्रधानाचार्य को इसकी जानकारी मिलने पर उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छात्र को तमंचे के साथ हिरासत में ले लिया। यह घटना गुरुवार दोपहर की है। कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य मिलाप सिंह ने बताया कि कक्षा में अन्य छात्रों ने नाबालिग के बैग में तमंचा देखा था, जिसके बाद उन्होंने प्रधानाचार्य को इसकी सूचना दी। प्रधानाचार्य की सूचना पर दादरी कोतवाली पुलिस तुरंत कॉलेज पहुंची और छात्र को हिरासत में लेकर तमंचा बरामद किया। छात्र दादरी की रज्जाक कॉलोनी का निवासी है। पुलिस पूछताछ में छात्र ने बताया कि उसने यह तमंचा दो हजार रुपये में शौक के लिए खरीदा था। वह अपने दोस्तों को दिखाने के लिए इसे कॉलेज लेकर आया था। छात्र की उम्र 15 वर्ष है और वह नाबालिग है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि छात्र ने यह तमंचा किससे खरीदा था। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 45 मिनट बाधित रही एक्वा लाइन मेट्रो सेवा

नोएडा। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की एक्वा लाइन मेट्रो सेवा शनिवार को तकनीकी खराबी के कारण 45 मिनट बाधित रही। इससे यात्रियों को परेशानी हुई, खासकर ऑफिस जाने वालों को, मेट्रो सेवा बाधित होने से सुबह समय से स्कूल- कॉलेज वाले छात्रो को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक्वा लाइन पर लगभग आधे घंटे से ज्यादा समय से परिचालन प्रभावित रहा है। जल्द सेवाएं शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन यात्री निराश होकर स्टेशन से वापस बाहर लौट आए सड़क मार्ग से ऑटो रिक्शा से जाने के लिए निकल पडे। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की एक्वा लाइन मेट्रो में शनिवार को अचानक तकनीकी खराबी आ गई। तकनीकी दिक्कत के चलने संचालन पिछले 45 मिनट से बंद रही। मेट्रो को अलग अलग स्टेशन पर रोका गया है। मेट्रो में सफर कर रहे यात्री परेशान हैं। लोगों का कहना है कि एक्वा लाइन में आए दिन तकनीकी दिक्कत होती रहती है। दोपहर बारह बजे के बाद सेवा थोड़ी सामान्य हुई। एनएमआरसी की पीआरओ निशा वधावन ने बताया मेट्रो का संचालन नहीं रुका था। मेट्रो के सिग्नल में दिक्कत वजह से रुक रुककर चल रही थी। मैनुअल संचालन में मेट्रो स्लो रही। इसकी पूरी जानकारी कुछ देर में टाइमलाइन के साथ प्रबंधन की ओर से जारी की जायेगी।

### देश में ग्रेटर नोएडा सबसे अधिक वायु प्रदूषित शहर

**नोएडा।** देश में रविवार को ग्रेटर नोएडा सबसे वायु प्रदूषित शहर रहा। शहर का एक्यूआई 280 दर्ज किया गया। इस महीने तीन दिन शहर की हवा खराब श्रेणी में रही। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए जल्द ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सभी विभागों के साथ बैठक करेगा। नोएडा का एक्यूआई 225 दर्ज किया गया। नोएडा में सबसे वायु प्रदूषित स्थान सेक्टर-125 रहा। यहां एक्यूआई 314 तक पहुंच गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार यह स्थान कई वर्षों से हॉटस्पॉट बना हुआ है। ग्रेटर नोएडा में सबसे वायु प्रदूषित स्थान नॉलेज पार्क थ्री रहा। यहां का एक्यूआई 292 दर्ज किया गया। सभी स्थानों पर पीएम 10 का स्तर पीएम 2.5 के स्तर से अधिक दर्ज किया गया। अधिकतम स्तर 500 तक पहुंच गया। देश में दूसरा सबसे वायु प्रदूषित शहर गुजरात का वापी रहा। यहां का एक्यूआई 276 दर्ज किया गया। ग्रेटर नोएडा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी विकास मिश्रा ने बताया कि वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रयास चल रहा है। सभी विभागों और प्राधिकरणों के साथ जल्द ही बैठक कर रणनीति तैयार की जाएगी। पहले से निर्धारित हॉटस्पॉट पर काम चल रहा है।

### गहने चोरी कर घरेलू सहायिका फरार

**नोएडा।** सेक्टर-49 स्थित एक घर से घरेलू सहायिका गहने चोरी कर फरार हो गई। वारदात के बाद से उसने मोबाइल नंबर भी बंद कर दिया है। पीड़ित ने इस संबंध में घरेलू सहायिका के खिलाफ सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में सेक्टर-49 निवासी अमित नेगी ने बताया कि वह और उनकी पत्नी निजी कंपनी में नौकरी करती हैं। घर के काम के लिए दोनों ने आशा नाम की घरेलू सहायिका को रखा था। काम करने के चलते आशा की आवाजाही हर कमरे में थी। आशा बृहस्पतिवार को काम पर आई थी। उसने घर में काम किया और चली गई। शाम को जब शिकायतकर्ता की पत्नी घर पहुंची अपने गहने देखने के लिए आलमारी खोली तो कुछ जेवरात गायब मिले। बीते कुछ दिनों से घर में घरेलू सहायिका के अलावा कोई नहीं आया। आरोप है कि उसने ही गहनों पर हाथ साफ किया है। शिकायत पर घरेलू सहायिका आशा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस यह जानकारी जुटा रही है कि शिकायतकर्ता ने घरेलू सहायिका का सत्यापन कराया था या नहीं कराया था।

### एलिवेटिड रोड के नीचे हुए हादसे महिला की जान गई

**नोएडा।** सेक्टर-24 थानाक्षेत्र में एलिवेटिड रोड के नीचे तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से शुक्रवार रात एक महिला की मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो सकी। घटना के बाद आरोपी चालक फरार हो गया। एसीपी स्वतंत्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात दस बजे एक महिला एलिवेटिड रोड के नीचे सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला काफी दूर जाकर गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की मदद से महिला को नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। हालांकि कुछ ही देर बाद उसने दम तोड़ दिया। महिला के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगी थी। महिला के पास से ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान की जा सके। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोगों का कहना है कि आरोपी वाहन चालक ने घायल महिला को अस्पताल नहीं पहुंचाया। वह वाहन समेत फरार हो गया। घटना का एक फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

### कमरे में पंखे से फंदा लगाकर की आत्महत्या

**नोएडा।** निठारी गांव में किराये के मकान में रहने वाले 46 वर्षीय व्यक्ति ने शनिवार को पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मूल रूप से हरदोई के अकबरपुर गांव का विनोद कनौजिया निठारी गांव में किराये पर रहता था। वह एक फैक्ट्री में काम करता था। विनोद ने शनिवार को कमरे में फंदा लगा लिया। मकान मालिक ने मामले की सूचना पुलिस को दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि विनोद बीते कुछ दिनों से किसी बात को लेकर तनाव में था। ऐसे में आशंका जाहिर की जा रही है कि उसने मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या कर ली होगी। मृतक के परिजनों को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि अगर मामले की शिकायत परिजन करते हैं, तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ओखला पक्षी विहार में लोगों के लिए चार ई-कार्ट चलेंगे

**नोएडा।** ओखला पक्षी विहार में सर्दियों में बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी पहुंचते हैं। इन पक्षियों को देखने के लिए यहां पर्यटकों की तादात भी अधिक होती है। वन विभाग के मुताबिक ओखला पक्षी विहार में सर्दी में चार ई कार्ट चलाए जाएंगे। इससे पर्यटकों को सुविधा होगी। हालांकि ओखला पक्षी विहार की झील अभी सूखी हुई है, जबकि प्रवासी पक्षियों के आगमन का समय निकट है। फॉरेस्ट रेंजर अमित गुप्ता ने कहा कि ओखला पक्षी विहार में छह ई कार्ट थे, जिनमें से दो सूरजपुर वेटलैंड में भेज दिए गए हैं। अभी ओखला पक्षी विहार में पर्यटकों की संख्या अधिक नहीं है। इस कारण जरूरत के अनुसार ई कार्ट चलाए जा रहे हैं। पर्यटकों की संख्या बढ़ने पर चार ई कार्ट चलेंगे। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग की ओर से ओखला और हिंडन की तरफ नदी में गेटों की मरम्मत का काम किया जा रहा है। इसकी वजह बीते समय में बाढ़ के कारण गेट को नुकसान पहुंचना बताई जा रही है। पानी रोके जाने के कारण ओखला पक्षी विहार की झील का पानी सूख गया है।

# बॉयफ्रेंड की हत्या कराने वाली महामंडलेश्वर गिरफ्तार

## अलीगढ़ पुलिस ने पूजा शकुन को राजस्थान से दबोचा, शूटर्स को दी थी सुपारी



**अलीगढ़।** बॉयफ्रेंड की हत्या के 14 दिन बाद आरोपी महामंडलेश्वर डॉ. अन्नपूर्णा भारती उर्फ पूजा शकुन पांडेय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे शुक्रवार रात राजस्थान के भरतपुर जिले में जयपुर हाईवे से पकड़ा गया। पूजा बस में सवार होकर जा रही थी। गिरफ्तारी के बाद उसे अलीगढ़ कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

दरअसल, अलीगढ़ में 26 सितंबर को टीवीएस बाइक शोरूम मालिक अभिषेक गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। तब से पूजा फरार थी। वह भेष बदल-बदल कर छिपती फिर रही थी। पुलिस ने उस पर 50 हजार का इनाम रखा था। NBW वारंट भी जारी किया था।

खुद को महामंडलेश्वर बताने वाली पूजा निरंजनी अखाड़े से निष्कासित की जा चुकी है। प्रयागराज के श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी ने अन्नपूर्णा भारती को 4 अक्टूबर को निष्कासित कर दिया था। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रवींद्र पुरी ने कहा था- महिला साध्वी का कृत्य सनातन परंपरा के खिलाफ है।

### 26 सितंबर को अभिषेक की हत्या कैसे हुई थी?

अभिषेक गुप्ता (25) हाथरस के सिकंदराराऊ के गांव कचौरा के रहने वाले थे। उन्होंने 25 अगस्त को अलीगढ़ के खैर में टीवीएस बाइक का शोरूम खोला था। उनके पिता नीरज गुप्ता आढ़त का काम करते थे। शुक्रवार, 26 सितंबर को अभिषेक के पिता नीरज और चचेरा भाई जीतू अलीगढ़ आए थे।

रात में शोरूम बंद करने के बाद तीनों अपने गांव के लिए निकले थे। हाथरस की बस में बैठने के लिए खैर से वह रात करीब 9.30 बजे खेरेश्वर मंदिर चौराहे पहुंचे थे। पिता नीरज और भाई जीतू बस में चढ़ गए थे। अभिषेक बस में चढ़ ही रहे थे कि पीछे से बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### पूजा और उसके पति ने दी अभिषेक की सुपारी

1 अक्टूबर को पुलिस ने हत्या मामले में गोंडा रोड नींवरी निवासी मोहम्मद फजल को अरेस्ट किया था। पूछताछ में उसने बताया था- लगभग डेढ़ महीने पहले उसकी कथित महामंडलेश्वर पूजा और उसके पति अशोक पांडेय से मुलाकात हुई थी। दोनों ने अभिषेक की फोटो दिखाकर उसे खत्म करने की बात कही थी। मैंने अपने गांव के ही आसिफ को मामले में शामिल किया। सौदा 3 लाख रुपए में तय हुआ। अशोक ने हम लोगों को एडवांस के तौर पर 1 लाख रुपए दिए थे। इसके बाद हम लोगों ने तमंचे से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने 3 अक्टूबर को अभिषेक को गोली मारने वाले आसिफ को दिल्ली-कानपुर के पास एक गांव से गिरफ्तार किया था।

# अतीक के बेटे को झांसी ले जाने वाला इंस्पेक्टर सस्पेंड

## जेल के बाहर कैमरे पर बोला था-योगी जी बचा लीजिए

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के बेटे अली अहमद को प्रयागराज से झांसी जेल शिफ्ट करने के दौरान सुरक्षा में चूक को लेकर बड़ी कार्रवाई हुई है। मामले में इंस्पेक्टर अशोक कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू करा दी गई है।


दरअसल, नैनी जेल से झांसी ले जाते समय अली ने मीडिया के सामने बयानबाजी की थी, जिसे सुरक्षा में गंभीर चूक माना गया था। यही वजह रही कि ट्रांसफर के दौरान सुरक्षा टीम को लीड कर रहे इंस्पेक्टर पर कार्रवाई की गई। अब सुरक्षा में शामिल अन्य पुलिसकर्मियों के बयान भी दर्ज किए जाएंगे। अली ने मीडिया से कहा था- मेरा अल्लाह जानता है कि यहां सुरक्षित रहेंगे कि नहीं? मुख्यमंत्री जी से यही कहना है कि जो होना था, वो हो गया। हमें बचा लीजिए। मुझे बेवजह सताया न जाए। दरअसल, अली 38 महीने से नैनी जेल में बंद था। उसने 30 जुलाई, 2022 को प्रयागराज कोर्ट में सरेंडर किया था। गिरफ्तारी के बाद पहली बार अली मीडिया से बात कर पाया था। पुलिसवालों ने भी इतनी ढिलाई बरती थी कि वह अपनी बात मीडिया के सामने रख सके।

### जेल के भीतर का वीडियो भी सामने आया था

अली के झांसी जेल पहुंचने के बाद जेल परिसर के अंदर का भी एक वीडियो सामने आया था। इसमें अली की फुटेज जेल के अंदर मोबाइल कैमरे से रिकॉर्ड करते दिखाया गया था। इसे लेकर भी सवाल उठे थे। पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने भी इस मामले में उच्चस्तरीय जांच की मांग की थी। सूत्रों के अनुसार, जेल मैनुअल के मुताबिक मोबाइल लेकर जेल के भीतर प्रवेश करना पूरी तरह प्रतिबंधित है।

# शार्ट न्यूज

## दिवाली से पहले खाद्य विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी : जांच के बाद 30 किलों ग्राम खोया नष्ट



**ललितपुर।** दीपावली पर्व को ध्यान में रखकर आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ और जिलाधिकारी ललितपुर के निर्देश के क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग ललितपुर की प्रथम टीम द्वारा संजय डेयरी घोसियाना से घी , खोया एवं पनीर का नमूना संग्रहित कर 30 किलोग्राम खोया नष्ट कराया गया उसके उपरांत पिक अप पर लदे हरप्रसाद यादव निवासी उदयपुरा बाणपुर के दूध का नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की द्वितीय टीम द्वारा न्यू अंकित किराना स्टोर से बेसन का नमूना एवं अनमोल स्वीट्स आजादपुरा से बर्फी का नमूना संग्रहित किया गया। जांचोपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। प्रथम टीम में सहायक आयुक्त खाद्य विनोद कुमार शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नागेन्द्र पटेल, और S S Niranjan एवम द्वितीय टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी सच्चिदा नन्द शामिल रहे।

## मुजफ्फरनगर में युवक को लाठी-डंडों से पीटा

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के तितावी थाना क्षेत्र के जसोई गांव में एक युवक की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि युवक ने दूसरे समुदाय की युवती से शादी की थी, इसी खुन्नस में कुछ दबंगों ने उसे लाठी-डंडों से पीटा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि युवक अपने दो साथियों के साथ खड़ा है, तभी कुछ लोग हाथों में डंडे लेकर आते हैं और उस पर हमला कर देते हैं। युवक के साथी जान बचाने के लिए भाग जाते हैं। हमलावर युवक को जमीन पर गिराकर लगातार डंडे बरसाते रहते हैं। कुछ देर बाद वे चले जाते हैं, लेकिन फिर दो हमलावर लौटकर लात-घूंसे मारते हैं। आसपास के लोगों के आने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। पिटाई से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस बीच, योग साधना आश्रम के यशवीर महाराज घायल युवक से मिलने जिला अस्पताल पहुंचे।

## उन्नाव में 10 क्विंटल अवैध पटाखे बरामद

**उन्नाव।** उन्नाव पुलिस ने दीपावली से पहले अवैध पटाखों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार देर शाम को बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के पंचपुरवा गांव के पास छापेमारी के दौरान 10 क्विंटल अवैध बारूद और पटाखों का जखीरा बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से गोदाम मालिक हसीन अहमद को हिरासत में लिया है। बरामद माल की कीमत लगभग 8 लाख रुपये आंकी गई है। यह कार्रवाई कानपुर और अयोध्या में हुए विस्फोटक हादसों के बाद सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के क्रम में की गई। पुलिस के अनुसार, न्यू गोल्डन फायर बक्स नाम से संचालित इस गोदाम में विस्फोटक पदार्थों का बड़े पैमाने पर भंडारण किया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि गोदाम के पास मात्र 12 किलोग्राम बारूद रखने का लाइसेंस था, जबकि अंदर से 10 क्विंटल से अधिक बारूद और तैयार पटाखे मिले। इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री मिलने से पुलिस भी हैरान रह गई। कार्रवाई की जानकारी मिलते ही आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि गोदाम में लंबे समय से पटाखों की आपूर्ति और भंडारण का कार्य चल रहा था, लेकिन उन्हें इतनी बड़ी मात्रा में बारूद होने का अंदाजा नहीं था।

## जौनपुर में यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला शुरू

**जौनपुर।** जौनपुर के बीआरपी इंटर कॉलेज मैदान में यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला 2025 का आयोजन किया गया है। उद्योग विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस मेले का उद्घाटन दूसरे दिन विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंशु, पूर्व विधायक केराकत दिनेश चौधरी और जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने मुख्य अतिथि और गणमान्य व्यक्तियों का पगड़ी पहनाकर, पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्रम तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। अतिथियों ने मेले में लगाए गए 22 विभागों के लगभग 50 स्टॉलों का अवलोकन किया। इनमें खादी ग्रामोद्योग, खाद्य एवं प्रसंस्करण, उद्यान, खाद्य एवं रसद, प्रोबेशन, समाज कल्याण और उद्योग विभाग जैसे प्रमुख विभाग शामिल थे। इन स्टॉलों पर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और लाभार्थियों के नामांकन भी किए गए। मेले में स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इनमें दरी, खादी के वस्त्र, अचार, सजावटी सामान, रोजमर्रा की वस्तुएं, दीपक, कुल्हड़, मिट्टी के उत्पाद, पूजा सामग्री और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए सजावटी दीये प्रमुख थे।

## गोंडा में ट्रक से कुचलकर युवक की मौत

**गोंडा।** गोंडा जिले के कौड़िया थाना क्षेत्र में गोंडा-बहराइच मार्ग पर हुए एक सड़क हादसे में 40 वर्षीय शिवकुमार की मौत हो गई। इस दुर्घटना में उनके चचेरे भाई जटाशंकर सुरक्षित बच गए है। दत्तनगर विसेन गांव कोतवाली नगर निवासी शिवकुमार और जटाशंकर अपनी बहन के यहां पयागपुर से लौट रहे थे। जहां देर शाम आर्यनगर कस्बे में उनकी मोटरसाइकिल एक अन्य मोटरसाइकिल से टकरा गई है। टक्कर के बाद शिवकुमार नीचे गिर गए तभी बहराइच की ओर से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें कुचल दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे गंभीर रूप से घायल शिवकुमार को इलाज के लिए मुख्यालय के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद वहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया था। प्राइवेट एंबुलेंस के माध्यम से शिवकुमार को लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई है। कौड़िया प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि मृतक शिवकुमार के चाचा बेनीमाधव की तहरीर पर मोटरसाइकिल चालक और ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शिवकुमार अपने घर में अकेले कमाने वाले सदस्य थे और खेती-बाड़ी का काम करते थे।

## पत्नी काम पर गई, पति ने फांसी लगा ली

**झांसी।** झांसी में कैंसर पीड़ित युवक ने पत्नी को काम पर भेजकर घर के कमरे में फंसी लगा ली। बच्चों ने पड़ोसियों को बताया तो उन्होंने पुलिस बुलाई। इसके बाद दरवाजा तोड़कर उसके शव को फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के बंग्लाघाट की है। कोतवाली इलाके के बंग्लाघाट का रहने वाला 38 साल का ओमप्रकाश जतारिया पुत्र सतीश जतारिया वेज बिरियानी बेचने का काम करता था। एक साल पहले उसे मुंह का कैंसर हो गया था। जिसका इलाज दिल्ली के राजीव गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल में चल रहा था। ओमप्रकाश के बड़े भाई प्रमेन्द्र जतारिया ने बताया कि छह महीने पहले उसका ऑपरेशन भी हो गया था। अब दवाएं चल रही थीं। लेकिन, दर्द के चलते ओमप्रकाश ने शराब पीना शुरू कर दिया था। बीमारी के चलते उसका काम छूटा तो पत्नी रंजना सेट टॉप बॉक्स बनाने की फैक्टरी में काम करने जाने लगी थी। दोनों के दो बच्चे भी हैं, जिनमें 11 साल की बेटी खुशी और 4 साल का बेटा व्योम है। प्रमेन्द्र ने बताया कि बहु रंजना शुक्रवार शाम 6 बजे अपने काम पर थी और बच्चे घर में खेल रहे थे। इसी बीच ओमप्रकाश ने बच्चों को बाहर खेलने के लिए भेज दिया और कमरे की छत में लगे पंखे से फंदा डालकर फांसी लगा ली। बच्चों ने कमरे में जाने की कोशिश की तो अंदर से दरवाजा बंद था। इसके बाद बेटी खुशी ने पड़ोसियों को बताया।

# दुष्कर्म का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



विशाल इंडिया पूनम तिवारी

**अंबेडकर नगर।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर के कुशल दिशा निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी अकबरपुर सदर नीतीश कुमार तिवारी के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के लिए चलाए जा रहे धर पकड़ अभियान में अकबरपुर कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक युवती के साथ लगातार 6 वर्षों तक शारीरिक संबंध बनाने के पश्चात शादी से इनकार करने वाले आरोपी को अकबरपुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।क्षेत्राधिकारी सदर नीतीश कुमार तिवारी ने बाइट देते हुए बताया है कि रंजीत पुत्र सुरेश सोनकर निवासी संघतिया शहजादपुर उम्र लगभग 25 वर्ष एक महिला के साथ लिविंग इन में 6 वर्षों से रह रहा था,और संबंधित महिला से लगातार शारीरिक संबंध बना रहा था लेकिन महिला द्वारा शादी का दबाव बनाने पर इंकार कर दिया और पीड़ित महिला के साथ दुर्व्यवहार किया इसके संबंध में मुकदमा अपराध संख्या 780/25 पंजीकृत किया गया था और कोतवाली अकबरपुर की पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी।

# 8 राज्यों में बैन कफ सिरप लखनऊ में बिक रहा

**लखनऊ।** लखनऊ में कारोबारी जानलेवा कफ सिरप बेच रहा था। शनिवार को नारकोटिक्स विभाग और FSDA ने कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया। उसके घर से कोडीन सिरप के 4 कर्टन समेत कई प्रतिबंधित दवाइयां जब्त की गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आलमबाग के वीआईपी रोड स्नेह नगर के एक मकान पर छापा मारा गया। यहां से बड़ी संख्या में प्रतिबंधित कोडीन सिरप बरामद किया गया। कारोबारी दीपक मलवानी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। दीपक मलवानी ने बताया कि उसके भाई मनदीप मलवानी की अमीनाबाद में दवा की दुकान है। वह अपने भाई की दुकान पर काम करता है। वहीं से दवा की सप्लाई करता है। दीपक के घर से कोडीन सिरप के 4 कर्टन समेत बड़ी मात्रा में मल्टीविटामिन और एलोपैथी की दवाइयां जब्त की गई हैं।

# थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनी जन शिकायतें

## थाना सुनगढ़ी में भूमि विवादों सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश



**पीलीभीत।** शनिवार को थाना सुनगढ़ी में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने संयुक्त रूप से जन शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने भूमि विवाद से जुड़ी शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए राजस्व विभाग के लेखपालों एवं पुलिस कर्मियों को मौके पर जाकर जांच करने और समस्या का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान करना है, इसलिए किसी भी मामले को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।उन्होंने अधिकारियों से कहा कि थाना समाधान दिवस पर कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति के अनुपस्थित न रहे। राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर दोनों पक्षों को मौके पर बुलाया जाए और निस्तारण कराया जाए।थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का भी गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए ताकि जनता को त्वरित न्याय मिल सके।कार्यक्रम में सीओ सिटी, थाना प्रभारी, राजस्व विभाग के अधिकारी एवं पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# 40 उत्कृष्ट पशुमैत्री सम्मानित, विधायक व जिलाधिकारी ने किया प्रशस्ति पत्र प्रदान

## प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना के तहत हुआ आयोजन, पशुपालन विभाग द्वारा की गई लाइव वेबकास्टिंग



पीलीभीत। प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना के अंतर्गत शनिवार को गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में पशुपालन विभाग द्वारा लाइव वेबकास्टिंग व स्क्रीनिंग मीटिंग का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज तथा जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर जनपद के 40 उत्कृष्ट पशुमैत्री एवं परावेटों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाइव प्रसारण के माध्यम से किसानों की आय दोगुनी करने हेतु प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया। साथ ही पशुपालन विभाग से संबंधित 18 नई परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। प्रधानमंत्री ने देशभर से चयनित तीन उत्कृष्ट पशुमैत्रियों को अपने हाथों से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया इसी क्रम में पीलीभीत जनपद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पशुपालन विभाग द्वारा जिले के 40 उत्कृष्ट पशुमैत्रियों व परावेटों को सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, उप निदेशक कृषि, उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी व जनपद के समस्त पशुचिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

लाइव वेबकास्टिंग का प्रसारण पशुचिकित्सालय स्तर पर भी किया गया, जहां विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी और पशुमैत्रियों ने अपने मोबाइल से जुड़कर कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

# मिशन शक्ति के तहत जनपद में चलाया गया जागरूकता अभियान

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत, पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में जनपद के सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों व स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीमों ने बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों और कॉलेजों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। जागरूकता सत्रों में निम्न विषयों पर विशेष रूप से जानकारी दी गई। आत्मरक्षा के आसान व प्रभावी उपाय साइबर अपराध से बचाव के तरीके यौन उत्पीड़न की पहचान व उससे बचाव महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स 1090 – वूमेन पावर लाइन 1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन 181 – महिला हेल्पलाइन 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा 102 – स्वास्थ्य सेवा 108 – एम्बुलेंस सेवा 1930 – साइबर अपराध हेल्पलाइन महिलाओं से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की असुरक्षा की स्थिति में इन सेवाओं का प्रयोग करें, सतर्क रहें तथा किसी भी शोषण के खिलाफ आवाज उठाएं। यह अभियान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है ।

# एडीएम - एएसपी ने वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण



ललितपुर। एडीएम व अपर पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत वन स्टॉप सेंटर, ललितपुर का किया गया आकस्मिक निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान वन स्टॉप सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरो का देखा गया तथा आगन्तुक रजिस्टर की एंट्री को चेक किया गया एवं अन्य व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन कर उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।एएसपी द्वारा वन स्टॉप सेंटर पर पुलिस बल की उपस्थिति को अनिवार्य रुप से किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण सहायता उपलब्ध कराई जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।एएसपी द्वारा वन स्टॉप सेंटर पर आने वाली प्रत्येक पीड़िता को चिकित्सीय सहायता, विधिक परामर्श तथा आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को विशेष सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने कहा कि वन स्टॉप सेंटर पीड़ित महिलाओं के लिए आश्रय व सहारा है, अत: यहां की सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।

समस्त कर्मचारियों को पीड़िताओं के साथ मानवीय व्यवहार रखने एवं उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

# रामलीला में सियार का हमला, 8 लोग घायल

**कासगंज।** कासगंज जिले के सोरों कोतवाली क्षेत्र स्थित लहरा गांव में शुक्रवार रात रामलीला मंचन के एक सियार ने हमला कर दिया। इस घटना में आठ ग्रामीण घायल हो गए, जिन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सियार ने गांव के दो पालतू पशुओं, एक भैंस और एक गाय पर भी हमला किया था। आपको बता दें घायलों में सोरों क्षेत्र के पाठकपुर निवासी अजीत पुत्र सुखपाल और कुमारी पत्नी सुखपाल शामिल हैं। लहरा गांव से प्रशांत पुत्र राकेश, राकेश पुत्र बहादुर (40 वर्ष), राधेश्याम पुत्र मुकुंदी (55 वर्ष) और नेक्सी पत्नी राधेश्याम (53 वर्ष) घायल हुए हैं। कादरवाड़ी निवासी अंकित पुत्र शेरसिंह और अजीत पुत्र राजपाल भी सियार के हमले में चोटिल हुए हैं। घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई है। और वन विभाग की टीम सियार की जंगल में तलाश कर रही है। सोरों कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक जगदीश चंद्र ने बताया कि घटना के बाद गांव में शांति व्यवस्था बनी हुई है। वन विभाग की टीम को सियार को पकड़ने और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सूचित किया गया है।

# अध्यक्ष, नगर पालिका उप निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण सम्पन्न

## कुल 656 में 8 मतदान कार्मिक रहे अनुपस्थित, 13 अक्टूबर को प्रशिक्षण लेने के दिए निर्देश



**ललितपुर।** अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, ललितपुर उप निर्वाचन-2025 को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु चुनाव में लगे मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण मा0 कल्याण सिंह सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी अमनदीप डुली के निर्देशन व मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जहां मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा मतदान कार्मिकों को पार्टी रवानगी से लेकर मतदान सम्पन्न होने के बाद तक की समस्त गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया।

प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी/अधिकारी कार्मिक ने सभी मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि 15 अक्टूबर 2025 को मतदान दिवस के दिन पूर्ण रुप से निर्भीक होकर अपने दायित्वों की पूर्ति करें, जिला प्रशासन की तैयारियां पूर्ण हैं, पोलिंग पार्टियां मतदान से एक दिन पूर्व 14 अक्टूबर को अमरपुर मंडी स्थल से रवाना होंगी।

इस दौरान किसी भी कार्मिक को किसी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति से निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक कोई सम्पर्क नहीं रखना है। सभी कार्मिक उनको सौंपे गए दायित्वों को गंभीरतापूर्वक निभाएं, किसी भी निर्वाचन सम्बंधी कार्य को नकारने अथवा टालने की स्थिति में सम्बन्धित कार्मिक पर दण्डनीय कार्यवाही की जा सकती है।

इसके उपरान्त प्रशिक्षकों द्वारा मतदान कार्मिकों को निर्वाचन की बारीकियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।

सभी पीठासीन व मतदान अधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से पीठासीन अधिकारियों के कर्तव्य एवं दायित्व, पार्टी रवानगी, सामग्री वितरण, बूथ पर ड्यूटी, बूथ पर पहुंचने पर कार्यवाही एवं अगले दिन मतदान से पूर्व की तैयारियां तथा मतदान के उपरान्त के कार्यों आदि के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

बताया गया कि पार्टी रवानगी के समय अपने अपने बूथ पर तैनात कार्मिकों से परिचय प्राप्त कर मोबाइल नम्बर ले लें। सामग्री लेते समय सूची से मिलान कर लें कि सामग्री पूर्ण है या नहीं।

इसके अलावा हैण्डबुक का अध्ययन अवश्य कर लें। यह भी बताया गया कि यहां बतायी जा रही बातों को ध्यान से अध्ययन कर लें।

## संक्षिप्त समाचार

### ओली और प्रचंड की सुरक्षा घटी

**काठमांडू, एजेंसी।** गृह मंत्रालय ने पूर्व प्रधानमंत्री और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली और माओवादी अध्यक्ष पुष्पकमल दहल प्रचंड की सुरक्षा टीम में कटौती की है। गृह मंत्रालय के एक उच्च स्रोत के अनुसार, ओली की सुरक्षा में तय संख्या से अधिक तैनात 28 सुरक्षाकर्मियों को बृहस्पतिवार को वापस बुला लिया गया। इसी तरह प्रचंड की सुरक्षा में तैनात 34 सुरक्षाकर्मियों को भी वापस बुलाया गया है। प्रचंड की सुरक्षा में कुल 52 सुरक्षाकर्मी तैनात थे। विशिष्ट व्यक्ति सुरक्षा कार्यविधि के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्रियों समेत उच्च पदस्थ व्यक्तियों को निश्चित मापदंड के तहत ही सुरक्षा व्यवस्था दी जाती है। पूर्व प्रधानमंत्री ओली और पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक के खिलाफ दर्ज शिकायत जांचबुझ आयोग ने पुलिस को वापस भेज दी। जेन-जी आंदोलन की जांच के लिए बने आयोग ने यह कहकर शिकायत लौटाई कि मामला उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। आयोग के प्रवक्ता विज्ञानराज शर्मा ने बृहस्पतिवार को बताया कि फौजदारी अपराधों की जांच और कार्रवाई का अधिकार अन्य निकायों को प्राप्त है, इसलिए इन मामलों में आयोग की रिपोर्ट का इंतजार करने की जरूरत नहीं है। दरअसल, जेन-जी आंदोलन में मारे गए लोगों के परिजनों ने जिला पुलिस परिसर में याचिका देकर ओली और लेखक की गिरफ्तारी की मांग की थी। पुलिस ने शिकायत दर्ज न कर उसे आयोग के पास भेज दिया था।

### लॉस एंजिलिस में सबसे भीषण आग लगाने के आरोपी को जेल में ही रहना होगा

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस की सबसे भीषण पैलिसेड्स वाइल्डफायर लगाने के आरोपी जोनाथन रिंडरक्नेच्ट को अदालत ने जेल में ही रखने का आदेश दिया है। अभियोजकों का कहना है कि उसकी मानसिक स्थिति भी अस्थिर है। बता दें कि लॉस एंजिलिस में न्यू ईयर डे पर लगी आग एक हफ्ते बाद भड़क उठी थी। इसमें 12 लोगों की मौत हो गई थी, इतना ही नहीं 17 हजार से अधिक घर जलकर खाक हो गए थे। आरोपी फिलहाल फ्लोरिडा की जेल में बंद है और अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी। अदालत ने उसे भागने का जोखिम मानते हुए जमानत देने से इनकार किया।

### चीन में एक 82 साल की महिला ने 8 जिंदा मेंढक निगल गई महिला

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 82 साल की महिला ने 8 जिंदा मेंढक निकल लिए। जब उसके पेट में तेज दर्द उठा तो राज से पर्दा उठा। महिला का कहना है कि पीठ में दर्द से निजात पाने के लिए उसने ऐसा किया था। उसके दावे से डॉक्टर भी हैरान रह गए। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक महिला ने सुना था कि जिंदा मेंढक खाने से पीठ का दर्द ठीक हो जाता है। उसने अपने परिवार के ही किसी सदस्य से जिंदा मेंढक लाने को कहा। हालांकि उसने यह नहीं बताया कि वह मेढक का क्या करेगी। परिवार के लोगों ने मेंढक इकट्ठे करके उसे दे दिए। मेढक भी कोई छोटे-मोटे नहीं बल्कि इनकी लंबाई चौड़ाई हथेली के बराबर थी। महिला ने एक दिन तीन मेंढक निकले और अगले दिन पांच और मेढक निगल लिए। इसके बाद उसके पेट में तेज दर्द शुरू हो गया। महिला के बेटे ने डॉक्टर को बताया, मेरी मां ने आठ जिंदा मेंढक निकल लिए हैं। अब उन्हें इतना दर्द है कि वह चल भी नहीं पा रही हैं। बुजुर्ग महिला को हांगझाउ के अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने बताया कि उसके पाचन तंत्र ने नाम करना बंद कर दिया है। डॉक्टरों ने बताया कि उनके शरीर पर परजीवियों ने हमला कर दिया है। डॉक्टरों को पता चला कि महिला के शरीर में ऑक्सीफिल सेल्स बन गए हैं। एक डॉक्टर ने बताया, महिला के पेट में स्पार्गानम बन गए हैं जो कि एक प्रकार के परजीवी कीड़े होते हैं। हालांकि इलाज के बाद महिला की तबीयत ठीक हो गई। उसे दो सप्ताह तक अस्पताल में भर्ती होना पड़ा और फिर छुट्टी दे दी गई।

### सीनगल में रिफ्ट वैली वायरस का बड़ा प्रकोप, 17 लोगों की मौत

**डैकर, एजेंसी।** सीनेगल में रिफ्ट वैली वायरस के दुर्लभ और गंभीर प्रकोप में अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है और 119 मामले दर्ज किए गए हैं। यह बीमारी मुख्य रूप से मवेशियों को प्रभावित करती है, लेकिन मच्छरों के काटने या संक्रमित जानवरों के संपर्क में आने पर इंसान भी प्रभावित हो सकते हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार यह पहला मौका है जब सीनगल में इतनी बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। गंभीर मामलों में आंखों में नुकसान, मस्तिष्क में सूजन या हेमोरेजिक बुखार जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जो जानलेवा भी हो सकती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण अफ्रीका में RVF के प्रकोप अधिक बार हो रहे हैं।

## बुर्का पहना तो लगेगा लाखों का जुर्माना, इटली की मेलोनी सरकार लाई बिल, मस्जिदों पर भी सख्ती




**रोम, एजेंसी।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की अगुवाई वाली दक्षिणपंथी पार्टी ब्रदर्स ऑफ इटली ने संसद में एक विवादास्पद विधेयक पेश किया है, जो देशभर में सार्वजनिक स्थानों पर बुरका और निकाब जैसे चेहरे को ढकने वाले परिधानों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रावधान करता है। यह कदम इस्लामी अलगाववाद और सांस्कृतिक अलगाव को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है। इसे मेलोनी सरकार ने धार्मिक कट्टरवाद से जोड़ा है। विधेयक के तहत उल्लंघन करने वालों पर 300 से 3,000 यूरो (लगभग 26,000 से 2.6 लाख रुपये) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

यह विधेयक 8 अक्टूबर को संसद में पेश किया गया, जिसमें स्कूल, विश्वविद्यालय, दुकानें, कार्यालय और अन्य सभी सार्वजनिक स्थानों पर चेहरे को पूरी तरह ढकने वाले कपड़ों पर रोक लगाने का स्पष्ट उल्लेख है। पार्टी के तीन सांसदों द्वारा पेश इस प्रस्ताव का उद्देश्य धार्मिक कट्टरवाद और धर्म-प्रेरित घृणा का मुकाबला करना बताया गया है। मेलोनी सरकार का दावा है कि यह कदम इटली की सामाजिक एकजुटता को मजबूत करेगा और सांस्कृतिक अलगाव को जड़ से समाप्त करेगा।

**क्या है पूरा मामला, समझिए :** इटली में पहले से ही 1975 का एक पुराना कानून मौजूद है, जो सार्वजनिक स्थानों पर चेहरे को पूरी तरह ढकने पर रोक लगाता है, लेकिन यह बुरका या निकाब का स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं करता। मेलोनी की गठबंधन साझेदार लीग पार्टी ने इस साल की शुरुआत में चेहरे को ढकने वाले परिधानों पर सीमित प्रतिबंध वाली विधायी कोशिश की थी, लेकिन अब ब्रदर्स ऑफ इटली ने इसे देशव्यापी स्तर पर विस्तार देने का फैसला किया है। बुरका एक पूर्ण शरीर-ढकने वाला परिधान है, जिसमें आंखों पर जालीदार स्क्रीन जैसा कपड़ा होता है, जबकि निकाब चेहरे को ढकता है लेकिन आंखों के आसपास का हिस्सा खुला रहता है।

मेलोनी सरकार के एक मंत्री ने कहा, ÷यह विधेयक फ्रांस से प्रेरित है, जहां 2011 में बुरका पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था। हम इटली की पहचान और एकता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।÷ वर्तमान में मेलोनी की गठबंधन सरकार संसद में बहुमत रखती है, इसलिए इस विधेयक के पारित होने की संभावना मजबूत मानी जा रही है, हालांकि औपचारिक बहस की तारीख अभी तय नहीं हुई है।

**इस्लामी संस्थाओं के विदेशी फंडिंग पर निगरानी :** यह विधेयक धार्मिक संगठनों पर वित्तीय पारदर्शिता के नए नियम भी थोपता है, खासकर उन पर जो राष्ट्र के साथ औपचारिक समझौते नहीं रखते। सरकार का कहना है कि इससे मस्जिदों और अन्य इस्लामी संस्थाओं की विदेशी फंडिंग पर निगरानी बढ़ेगी, जो कट्टरवाद को बढ़ावा दे सकती है। विधेयक के मसौदे में कहा गया है, इस्लामी कट्टरवाद का प्रसार... निस्संदेह इस्लामी आतंकवाद के लिए प्रजनन स्थल है। यह विधेयक मस्जिदों और इस्लामी शिक्षा संस्थानों की फंडिंग पर अतिरिक्त जांच-पड़ताल भी करेगा, क्योंकि इसमें उन संगठनों की फंडिंग पर पारदर्शिता नियम लागू किए जाएंगे जिन्होंने राष्ट्र के साथ औपचारिक समझौते नहीं किए हैं। किसी भी मुस्लिम संगठन का ऐसा कोई समझौता नहीं है और इसलिए उन्हें अपने सभी फंडिंग स्रोतों का खुलासा करने के लिए बाध्य किया जाएगा। जो समूह राष्ट्र की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं, उन्हें फंडिंग नहीं मिल पाएगी।

**क्यों उठाया गया यह कदम? मेलोनी का तर्क :** प्रधानमंत्री मेलोनी अपनी दक्षिणपंथी विचारधारा के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने इस विधेयक को इस्लामी अलगाववाद के खिलाफ एक मजबूत हथियार बताया है। उनका मानना है कि ऐसे परिधान न केवल सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि समाज में अलगाव को बढ़ावा देते हैं। इटली में मुस्लिम आबादी करीब 5 लाख है, और हाल के वर्षों में प्रवासन और सांस्कृतिक एकीकरण के मुद्दे राजनीतिक बहस का केंद्र बने हुए हैं। मेलोनी सरकार ने पहले भी प्रवासियों पर सख्त नीतियां अपनाई हैं, जैसे भूमध्य सागर में अवैध नावों को रोकना। विधेयक की घोषणा के बाद राजनीतिक और सामाजिक हलकों में तीखी बहस छिड़ गई है। दक्षिणपंथी समर्थक इसे राष्ट्रीय गौरव की रक्षा बता रहे हैं, जबकि विपक्षी दल और मुस्लिम संगठन इसे इस्लाम-विरोधी करार दे रहे हैं। इटली के प्रमुख मुस्लिम संगठन ने कहा, ÷यह महिलाओं की स्वतंत्रता पर हमला है और धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है।

## फिलीपींस में 7.6 तीव्रता का भूकंप: सुनामी का खतरा टला; लोग जान बचाने के लिए सड़कों पर लेटे




**मनीला, एजेंसी।** फिलीपींस के दक्षिणी मिंडानाओ द्वीप के पास समुद्र में शुक्रवार सुबह 7.6 तीव्रता का भूकंप आया है। इसके चलते सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी। फिलहाल सुनामी का खतरा टल गया है। पेसिफिक सुनामी वॉर्निंग सेंटर ने जानकारी दी कि स्थिति अब सामान्य है। फिलीपींस की भूकंप विज्ञान एजेंसी ने कई और झटकों की चेतावनी दी। आधे घंटे तक 5.9 तीव्रता और 5.6 तीव्रता के कई झटके महसूस किए गए। एजेंसी ने विनाशकारी सुनामी आने की आशंका जताई थी। मध्य और दक्षिणी फिलीपींस के तटीय शहरों में रहने वाले लोगों को तत्काल ऊंची जगहों पर जाने को कहा गया। फिलहाल किसी तरह के बड़े नुकसान की जानकारी नहीं है। इससे पहले 30 सितंबर को फिलीपींस के सेबू प्रांत में 6.9 तीव्रता का भूकंप आया था। इसमें 69 लोगों की मौत हो थी, जबकि करीब 150 घायल हुए थे।

**फिलीपींस में सुनामी का खतरा टला :** फिलीपींस में आए भूकंप के बाद अब सुनामी का खतरा टल गया है। पेसिफिक सुनामी वॉर्निंग सेंटर ने जानकारी दी कि स्थिति अब सामान्य है और समुद्र में किसी बड़े खतरे के संकेत नहीं हैं। लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है, लेकिन फिलहाल किसी और खतरे की आशंका नहीं है।

भूकंप का अबतक सबसे ज्यादा असर दवाओ सिटी में देखनों को मिला है। यहां अस्पताल, स्कूल और सड़कों पर भूकंप से जुड़े कई फुटेज सामने आए हैं। यह शहर मिंडानाओ द्वीप के दावाओ डेल सुर प्रांत का हिस्सा है। मिंडानाओ द्वीप समूह में कुल 27 प्रांत है। इंडोनेशिया के भूकंप और सुनामी केंद्र के प्रमुख ने बताया कि देश के तटीय इलाकों में अधिकतम 17 सेंटीमीटर यानी करीब 6 इंच) ऊंची लहरें दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि इसे हम माइनर सुनामी या छोटी सुनामी कहते हैं, यानी ऐसी लहरें जिनकी ऊंचाई 0.5 मीटर से कम होती है। फिलीपींस राष्ट्रपति ने तटीय इलाकों को खाली करने को कहा फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस ने मध्य और दक्षिणी फिलीपींस के कुछ तटीय क्षेत्रों को खाली करने के आदेश दिए हैं।

## अमेरिकी हमलों से घबराई वेनेजुएला सरकार, संयुक्त राष्ट्र परिषद का आपात सत्र बुलाने की मांग

**कराकास, एजेंसी।** अमेरिका द्वारा कैरेबियाई समुद्री क्षेत्र में कई बार वेनेजुएला की नौकाओं का निशाना बनाया है। अमेरिका का आरोप है कि इन नौकाओं के जरिए अमेरिका में ड्रग तस्करी की जा रही थी। वहीं अमेरिकी हमलों से वेनेजुएला सरकार घबरा गई है और उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में गुहार लगाकर आपातकालीन सत्र बुलाने की मांग की है। वेनेजुएला ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से एक आपातकालीन सत्र बुलाने का अनुरोध किया, जिसमें वेनेजुएला के तटीय जलक्षेत्र में हाल के हफ्तों में हुई अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों पर चर्चा की मांग की गई है।

**वेनेजुएला ने रूस के राजदूत को लिखा पत्र :** वेनेजुएला ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस के राजदूत और परिषद के अध्यक्ष वसीली नेबेंजिया को संबोधित करते हुए एक पत्र लिखा। इस पत्र में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन पर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाने और क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति, सुरक्षा और स्थिरता को खतरा पैदा करने का आरोप लगाया गया। मादुरो सरकार ने आशंका जताई कि जल्द ही वेनेजुएला पर सशस्त्र हमला हो सकता है। वेनेजुएला का ये अनुरोध अमेरिकी कांग्रेस द्वारा उस विधेयक को खारिज करने के एक दिन बाद आया है, जो ड्रग तस्करों के खिलाफ सैन्य बल का इस्तेमाल करने की ट्रंप की क्षमता पर रोक लगाता। अब तक अमेरिकी सेना ने कैरेबियाई जलक्षेत्र में चार घातक हमले किए हैं, जिसे ट्रंप ने ड्रग कार्टेल के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष घोषित किया है। हालांकि, वेनेजुएला की मादुरो सरकार का कहना है कि व्हाइट हाउस इस अभियान को उनके खिलाफ हमले के एक बहाने के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। वेनेजुएला का आरोप है कि अमेरिका की वेनेजुएला के विशाल प्राकृतिक संसाधनों पर नजर है।

## अमेरिका ने पाकिस्तान को दिया बड़ा झटका, नई आधुनिक मिसाइलें देने से किया साफ इनकार



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने पाकिस्तान को बड़ा झटका देते हुए आधुनिक मिसाइलें देने से इनकार कर दिया है। अमेरिका ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर स्पष्ट किया कि पाकिस्तान को कुछ हथियारों को उपकरण आदि की सप्लाई की जाएगी, लेकिन किसी नए हथियार की डिलीवरी नहीं की जाएगी। दरअसल मीडिया में ऐसी रिपोर्ट्स चल रहीं थी कि अमेरिका, पाकिस्तान को आधुनिक एडवांस्ड मीडिया रेंज एअर टू एअर मिसाइल देगा। अब अमेरिका ने ही इससे इनकार कर दिया है।

**अमेरिकी दूतावास ने जारी किया बयान :** अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में कहा कि 30 सितंबर को युद्ध विभाग ने कई देशों को, जिनमें पाकिस्तान भी शामिल है, हथियारों के उपकरण बेचने का एलान किया था। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तान को एएमआरएएएम मिसाइलों की डिलीवरी की जाएगी, लेकिन ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। साथ ही पाकिस्तान की मौजूदा क्षमताओं में इजाफे का भी कोई विचार नहीं है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के कई मीडिया चैनल ने दावा किया कि अमेरिका के युद्ध विभाग ने पाकिस्तान को एएमआरएएएम मिसाइलों को बेचने की मंजूरी दे दी है। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका के एरिजोना के टकसन में स्थित रेथियोन कंपनी पाकिस्तान को आधुनिक मिसाइलों की आपूर्ति करेगी। इन खबरों को अमेरिका द्वारा पाकिस्तान की वायु सेना की सैन्य क्षमताओं में इजाफा करने के तौर पर देखा गया, लेकिन अब अमेरिका ने साफ कर दिया है कि उसकी ऐसी कोई योजना नहीं है।

अमेरिका के करीब आया पाकिस्तान पाकिस्तान को साल 2007 में अमेरिका से 700 एएमआरएएएम मिसाइलें मिल चुकी हैं, जो पाकिस्तान ने अपने एफ-16 लड़ाकू विमानों के लिए खरीदीं थीं। यह उस समय हवा से हवा में मार करने वाली एएमआरएएएम मिसाइलों का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर था। नई डील की बात ऐसे समय उठी, जब पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ और पाकिस्तानी सेना के प्रमुख आसिम मुनीर ने सितंबर में व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की थी।

अमेरिका की वायुसेना के अनुसार, एएमआरएएएम हवा से हवा में मार करने वाली घातक मिसाइल है। इस मिसाइल की खासियत ये है कि इसमें टारगेट को लॉक किया जा सकता है, मतलब कि यह मिसाइल अपने टारगेट को खत्म करके ही दम लेती है। इसे ह्यूजेस एयरक्राफ्ट कंपनी और रेथियॉन कंपनी मिलकर बनाती हैं। इस मिसाइल की लंबाई 143.9 इंच (366 सेंटीमीटर) और वजन 150.75 किलोग्राम होता है।

## संघर्ष विराम समझौते के बाद भी इस्राइली हमले में 30 फलस्तीनियों की मौत, गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय का दावा

**गाजा, एजेंसी।** गाजा में संघर्ष विराम के बावजूद इस्राइली हमले जारी हैं। संघर्ष विराम के बाद इस्राइली हमलों में 30 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हुई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने ये दावा किया है। गाजा के अल शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबु सालमिया ने बताया कि बुधवार शाम से हो रहे हमलों में कम से कम 30 लोग मारे गए हैं।

**इस्राइल का दावा- हमास आतंकियों को निशाना बनाकर किया हमला :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गाजा सिविल डिफेंस ने बताया कि गाजा के पड़ोसी इलाके अल-सब्रा में इस्राइली हमले में एक इमारत को निशाना बनाया गया, जिसमें 40 से ज्यादा लोग उसके मलबे में दब गए। वहीं इस्राइली सेना ने बताया कि हमास के आतंकियों को निशाना बनाकर हमला किया गया था क्योंकि उनसे खतरा था।

**ट्रंप का एलान- पहले चरण के शांति समझौते पर सहमत हुए इस्राइल और हमास :** बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलान किया कि इस्राइल और हमास पहले चरण के शांति समझौते पर सहमत हो गए हैं। इससे गाजा में युद्ध समाप्त होगा और बंधकों को रिहा किया जाएगा। इसके बदले में इस्राइली सेना समझौते के तहत गाजा से पीछे हटेगी और इस्राइल की जेलों में बंद 2000 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाएगा। इस्राइली मीडिया के अनुसार, समझौते के तहत इस्राइली सेना गाजा क्षेत्र के लगभग 53 प्रतिशत हिस्से पर अपनी तैनाती बनाए रखेगी।

**अमेरिकी सेना की निगरानी में लागू होगा संघर्ष विराम समझौता :** गुरुवार सुबह राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में एक बैठक की, जिसमें बताया कि जल्द ही इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष विराम समझौता लागू हो जाएगा। ट्रंप ने उम्मीद जताई कि इस शांति समझौते से गाजा में हमेशा के लिए शांति आ सकती है। ट्रंप ने कहा कि संघर्ष विराम समझौते के तहत सोमवार या मंगलवार को इस्राइल के बंधक रिहा हो सकते हैं। ट्रंप भी पश्चिम एशिया का दौरा कर सकते हैं। अमेरिका लगभग 200 सैनिकों को इस्राइल भेजेगा ताकि गाजा में लागू युद्ध विराम समझौते की निगरानी की जा सके। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, ये सैनिक सिविल-मिलिट्री समन्वय केंद्र में कार्य करेंगे, जो मानवीय सहायता, लॉजिस्टिक और सुरक्षा बनाने में मदद करेंगे। अमेरिकी सेना के साथ साझेदार देशों, गैर-सरकारी संगठनों और निजी क्षेत्र के प्रतिनिधि भी इस पहल में शामिल होंगे।

## नेपाल-श्रीलंका के बाद अब मेडागास्कर में युवाओं का विरोध प्रदर्शन; राष्ट्रपति के इस्तीफे की मांग



**एंटानानारिवो, एजेंसी।** मेडागास्कर की राजधानी एंटानानारिवो में लगभग 1000 युवा प्रदर्शनकारी 'जेन-जेड मेडागास्कर के नेतृत्व में सड़कों पर उतर आए और राष्ट्रपति अंद्री राजोएलिना के इस्तीफे की मांग की। पुलिस ने अशांति फैलने पर आंसू गैस और स्टन ग्रेनेड का इस्तेमाल कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया। यह हिंसक विरोध प्रदर्शन देश में कई वर्षों से सबसे बड़ी अस्थिरता के रूप में सामने आया है। पानी और बिजली की कमी के चलते शुरू हुए युवाओं के आंदोलन ने मेडागास्कर की राजनीतिक परिदृश्य को पूरी तरह बदल कर रख दी है। प्रदर्शनकारी मास्क पहने सड़कों पर मार्च कर रहे थे और पुलिस ने बख्तरबंद वाहनों के साथ उनका सामना किया। एनोसी और माहामासिना जिलों में प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर पथराव और जलते टायर लगाकर ब्लॉकेज किया। लोकतंत्र चौक और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस ने गाड़ियों की आवाजाही पर रोक लगा दी। कई शहरों में जारी है रात का कर्फ्यू ये विरोध प्रदर्शन पहले पानी और बिजली कटौती को लेकर शुरू हुए थे, लेकिन बाद में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के आरोपों के खिलाफ व्यापक हो गए। राजोएलिना ने विरोधों को शांत करने के लिए अपने पूरे कैबिनेट को बर्खास्त किया, लेकिन इससे युवाओं का गुस्सा शांत नहीं हुआ और उन्होंने बुधवार को राष्ट्रपति के साथ वार्ता का प्रस्ताव भी ठुकरा दिया। आंदोलन के चलते राजधानी एंटानानरीवो और अन्य शहरों में रात का कर्फ्यू लगाया गया है। नेपाल और श्रीलंका के विरोध प्रदर्शनों से प्रेरणा संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इन विरोध प्रदर्शनों में अब तक 22 लोग मारे जा चुके हैं और दर्जनों घायल हुए हैं, जबकि सरकार ने इसे खारिज किया है। प्रदर्शनकारियों ने इंटरनेट के जरिए संगठन किया और नेपाल और श्रीलंका में हालिया विरोध प्रदर्शनों से प्रेरणा ली। गौरतलब है कि मेडागास्कर, पूर्वी अफ्रीका के पास स्थित एक बड़ा द्वीप देश है, जिसकी आबादी करीब 3.1 करोड़ है। वहां गरीबी और सरकारी सेवाओं की असफलता को लेकर जनता में लंबे समय से नाराजगी है, जो अब बड़े विरोध में बदल चुकी है।

## अफगानिस्तान के काबुल में पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक, टीटीपी चीफ को मारने का दावा

**काबुल, एजेंसी।** अफगान मीडिया एएमयू न्यूज के मुताबिक काबुल के कई इलाकों में लोगों ने जोरदार धमाकों की आवाजें सुनीं। ये धमाके हवाई हमले की तरह लग रहे थे। दो स्थानीय लोगों ने बताया कि हमला काबुल शहर के अब्दुल हक स्क्वायर के पास हुआ, हालांकि हमले की सही जगह अभी साफ नहीं है। पाकिस्तान ने गुरुवार रात अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के कई ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, एयरफोर्स ने टीटीपी चीफ मुफ्ती नूर वली मेहसूद को मारने का दावा किया है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक महसूद पूर्वी काबुल में बने एक ठिकाने में मौजूद था। वह 2018 से टीटीपी की लीडरशिप संभाल रहा है। उस पर अफगानिस्तान में तालिबान के समर्थन से काम करने का आरोप है। पाकिस्तान ने काबुल पर ऐसे वक्त में एयरस्ट्राइक की है जब, तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी 7 दिन के भारत दौरे पर आए हुए हैं। वे यहां पर 7 दिन रहेंगे।

इधर टोलो न्यूज ने कहा है कि उसे महसूद का एक ऑडियो मैसेज मिला है, जिसमें उसने दावा किया है उन पर कोई हमला नहीं हुआ है।

**टीटीपी का चौथा अध्यक्ष है मेहसूद :** नूर वली महसूद का जन्म 26 जून 1978 को पाकिस्तान के दक्षिणी वजीरिस्तान के गुड़गांव इलाके में हुआ था। वह पाकिस्तान के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक है। मुल्ला फजलुल्लाह की मौत के बाद उसने संगठन की कमान संभाली। वह टीटीपी का चौथा अध्यक्ष है।

डिफेंस एक्सपर्ट्स के मुताबिक महसूद 2003 में एक जिहादी गुट में शामिल हुआ था। यह गुट पाकिस्तान के कबायली इलाकों में तालिबान शासन के समय उभरा था। फिर बाद में 2007 में बैतुल्लाह महसूद की



अगुवाई में टीटीपी का हिस्सा बन गया। साल 2013 तक नूर वली महसूद कराची में टीटीपी की गतिविधियों की देखरेख करने लगा था। वह पूरे पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों के लिए पैसे जुटाने के मकसद से जबरन वसूली और अपहरण के नेटवर्क का नेतृत्व करता था। उसने कराची में पश्तूनों को आदेश दिया था कि अपने विवाद वे टीटीपी की 'तालिबान अदालतों' में सुलझाएं। जो लोग ऐसा नहीं करते थे, उन्हें हिंसा का सामना करना पड़ता था। ऐसा माना जाता है कि महसूद पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच इधर-उधर रहता था और उसके पास पाकिस्तानी नागरिकता है।

**पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा खतरा बना टीटीपी :** 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से टीटीपी ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध छेड़ रखा है। टीटीपी को पिछले बारह साल में पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा आतंकवादी खतरा माना जा रहा है।पाकिस्तान का आरोप है कि टीटीपी के लड़ाके सीमा पार अफगानिस्तान से ट्रेनिंग लेकर पाकिस्तान लौटते और हमला करते हैं। हालांकि तालिबान दावा करता है कि वह टीटीपी का समर्थन नहीं करता।पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के अनुसार, देश में आतंकवादी हमले 2015 के बाद सबसे ज्यादा हो गए हैं, और टीटीपी इसकी मुख्य वजह है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के इन हमलों की वजह से ही पाकिस्तान आतंकवाद प्रभावित देशों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। अमेरिकी हमले के जवाब में टीटीपी का गठन 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया, तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हमले का समर्थन किया। इससे नाराज होकर 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। टीटीपी ने कबायली इलाकों में शरिया कानून लागू किया और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और अफगानिस्तान में विदेशी सैनिकों पर हमले किए। टीटीपी ने यूनिवर्सिटीज, धार्मिक नेताओं और नागरिक ठिकानों को भी निशाना बनाया, और यहां तक कि पाकिस्तान के बड़े शहरों में भी हमले किए। पाकिस्तानी सेना और अमेरिकी ड्रोन हमलों के बावजूद, पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) को पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सका। 2018 में पाकिस्तान ने ञ्झक्र पर जीत की घोषणा की थी।

# महिला क्रिकेट विश्व कप: भारत-ऑस्ट्रेलिया आमने-सामने

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** महिला क्रिकेट विश्व कप के तीसरे मुकाबले में भारतीय टीम सात बार की चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी। पिछले मैचों में खराब फॉर्म और शीर्षक्रम की असफलता के कारण भारतीय बल्लेबाजों पर बड़ी जिम्मेदारी है। अगर टीम के शीर्ष पांच बल्लेबाज इस बार जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहे, तो सेमीफाइनल की राह कठिन हो सकती है।

टीम इंडिया ने टूर्नामेंट में श्रीलंका और पाकिस्तान को हराकर शुरूआत अच्छी की थी, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बृहस्पतिवार को तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा। तीसरे मैच के बाद भारत चार अंकों के साथ ग्रुप में तीसरे स्थान पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों में पांच अंकों के साथ शीर्ष पर है।

लगातार तीसरे मैच में भारतीय शीर्षक्रम ने निराश किया। आठवें नंबर की बल्लेबाज रिचा घोष के 94 रन ही टीम के कुल 251 रन बनाने में मुख्य योगदान रहे। कप्तान हरमनप्रीत कौर पिछले तीन मैचों में 21, 19 और 9 रन ही बना पाई हैं, वहीं स्मृति मंधाना ने 8, 23 और 23 रन ही जोड़ पाए। मध्यक्रम की जेमिमा रॉड्रिग्स केवल पाकिस्तान के खिलाफ 32 रन ही बना सकी। कुल मिलाकर, शीर्ष पांच बल्लेबाजों में किसी ने भी तीन मैचों में अर्धशतक नहीं बनाया। हार के बाद कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, हम शीर्षक्रम में जिम्मेदारी से नहीं खेल सके। हमें बड़े स्कोर बनाने होंगे और सकारात्मक सोच के साथ खेलना होगा।

ऑस्ट्रेलिया अब तक बिना किसी हार के आगे बढ़ रही है। गत चैम्पियन ने पाकिस्तान के खिलाफ बेथ मूनी के शतक और गेंदबाजों की सहायता से जीत दर्ज की। तेज गेंदबाज किम गार्थ, मेगन शूट और अनाबेल सदरलैंड ने मिलकर सात विकेट लिए। पिछले 12 वनडे विश्व कप मुकाबलों में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच भारत केवल तीन बार ही जीत पाया है, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने नौ बार जीत दर्ज की है।




भारत की उम्मीदें कप्तान हरमनप्रीत कौर और स्पिनर दीप्ति शर्मा पर टिकी हैं, जिन्होंने 2017 इंग्लैंड सेमीफाइनल में अहम भूमिका निभाई थी। इस बार भी उनके अनुभव और प्रदर्शन से टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया जैसी चुनौतीपूर्ण टीम के खिलाफ मुकाबले में मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत-** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रॉड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरूंधति रेड्डी, क्रांति गौड़

**ऑस्ट्रेलिया-** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, एश्ले गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, एलेना किंग, फीबी लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिन्यु, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शूट, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

# विश्व पैरा चैंपियन सिमरन के गाइड उमर सैफी डोपिंग में फेल, पदक गंवाने का खतरा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप की स्वर्ण विजेता धावक सिमरन शर्मा के पदक खतरे में हैं। कारण उनके गाइड उमर सैफी का डोप परीक्षण में असफल होना है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने सैफी को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है।

सैफी पिछले सात महीनों से दृष्टिबाधित सिमरन के गाइड हैं। उनके डोप टेस्ट में ड्रोस्टैनोलोन पाया गया, जो एक प्रतिबंधित एनाबोलिक स्टेरॉयड है और मांसपेशियों की ताकत बढ़ाने में मदद करता है।

सिमरन ने 7 सितंबर को दिल्ली स्टेट ओपन में 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था, जहां उनका यह डोप टेस्ट किया गया था। सैफी का नाम शुक्रवार को नाडा द्वारा जारी अस्थायी निलंबित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया। वह इस फैसले के खिलाफ अपील कर सकते हैं और 'बी' नमूना परीक्षण की मांग कर सकते हैं।

सिमरन ने इस साल भारत में आयोजित पहली बार विश्व चैंपियनशिप में 100 मीटर टी12 में स्वर्ण और 200 मीटर में रजत पदक भी जीता था। 100 मीटर का यह स्वर्ण उनका लगातार दूसरा विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण है। अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति के नियमों के अनुसार, यदि सैफी अपनी बेगुनाही साबित करने में विफल रहते हैं, तो सिमरन अपने पदक खो सकती हैं। भारतीय पैरा एथलेटिक्स के चेयरमैन सत्यनारायण ने कहा, 'गाइड भी प्रतियोगिता का हिस्सा होते हैं और उन्हें भी पदक मिलता है। यदि गाइड डोपिंग में दोषी पाया गया तो एथलीट को भी परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।'

पिछले साल पेरिस पैरालंपिक में सिमरन ने कांस्य पदक जीता था, उस समय उनके गाइड अभय सिंह थे। नाडा की अपडेटेड सूची में 30 नए नाम शामिल किए गए हैं, जिनमें पहलवान रीतिका हुड्डा और धावक एस धनलक्ष्मी भी शामिल हैं। इस सूची में 5 नाबालिग खिलाड़ी भी हैं, जो चिंता का विषय हैं।

# प्वाइंट टेबल में न्यूजीलैंड ने खोला खाता, पाकिस्तान की स्थिति और भी नाजुक




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी वुमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के 11वें मैच में न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 100 रनों से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने पॉइंट्स टेबल में अपना खाता खोल लिया है। टूर्नामेंट में भाग ले रही आठ टीमों में अब सिर्फ पाकिस्तान ही ऐसी टीम रह गई है जिसके खाते में एक भी अंक नहीं है। वहीं श्रीलंका ने भी अब तक कोई मैच नहीं जीता है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसका मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया था, जिससे उसे एक अंक मिल गया। न्यूजीलैंड की टीम अब पॉइंट्स टेबल में पांचवें स्थान पर पहुंच गई है।

टूर्नामेंट की शीर्ष चार टीमों में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पहले, इंग्लैंड दूसरे, भारत तीसरे और साउथ अफ्रीका चौथे पायदान पर हैं। वहीं पाकिस्तान की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। पाकिस्तान ने अब तक तीन मैच खेले हैं और तीनों में हार का सामना किया है। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में जहां टीम उलटफेर का शिकार बनी, वहीं भारत और ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें बुरी तरह पराजित किया। लगातार तीन हार के बाद पाकिस्तान के टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा बढ़ गया है और अब आगे के मैच उनके लिए करो या मरो की स्थिति बन चुके हैं।

दूसरी ओर न्यूजीलैंड की टीम ने आखिरकार जीत का स्वाद चखा है। इस टूर्नामेंट में उनके लिए यह तीसरा मैच था। इससे पहले कीवी टीम को ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। बांग्लादेश के खिलाफ इस मुकाबले में न्यूजीलैंड की बल्लेबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया और टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया, जिसके बाद गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी करते हुए विरोधी टीम को 100 रनों से पराजित किया। इस जीत से न्यूजीलैंड को टूर्नामेंट में नई ऊर्जा मिली है और टीम अब सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने की उम्मीद के साथ आगे बढ़ेगी।

# भारत और वेस्टइंडीज दूसरे टेस्ट मैच : वेस्टइंडीज का स्कोर 140/4, भारत 378 रन आगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त हो चुका है। अरुण जेटली स्टेडियम में टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 518/5 पर पारी घोषित की, जिसके बाद वेस्टइंडीज ने दिन का अंत 140/4 के स्कोर के साथ किया। अब भी कैरेबियाई टीम भारत से 378 रनों से पीछे है।

दिन का आकर्षण रहे रवींद्र जडेजा, जिन्होंने अपनी सटीक लाइन और लेंथ से विरोधी बल्लेबाजों को खूब परेशान किया और 3 विकेट हासिल किए। उनके अलावा कुलदीप यादव ने एक सफलता पाई।




### भारत की पहली पारी: जायसवाल और शुभमन का कमाल

पहले दिन भारत के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। सलामी जोड़ी यशस्वी जायसवाल (175) और केएल राहुल (36) ने ठोस शुरुआत दी। इसके बाद साई सुदर्शन (87) ने जायसवाल के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 193 रनों की साझेदारी की। जायसवाल का शतक 145 गेंदों में आया, जबकि शुभमन गिल ने 196 गेंदों पर नाबाद 129 रन की पारी खेलते हुए टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। नीतीश रेड्डी (43) और ध्रुव जुरेल (44) ने भी तेज पारी खेली। भारत ने 134.2 ओवर में 518 रन बनाकर पारी घोषित की।

### वेस्टइंडीज की पारी: फिरकी में फंसे बल्लेबाज

जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत निराशाजनक रही। ओपनर जॉन कैम्पबेल (10) जल्दी आउट हुए। तेजनारायण चंद्रपॉल (34) और एलिक अथानाज (41) ने थोड़ी देर प्रतिरोध किया, लेकिन जडेजा ने दोनों को चलता किया।

कप्तान रोस्टन चेज़ बिना खाता खोले आउट हुए। दिन के अंत में शाई होप (31)* और टेविन इमलाच (14)* नाबाद रहे।

### भारत की नजर 10वीं सीरीज जीत पर

भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली 9 टेस्ट सीरीज में एक भी हार नहीं झेली है। 2002 के बाद से कैरेबियाई टीम भारत के खिलाफ कोई टेस्ट मैच नहीं जीत पाई है। दिल्ली के इस मैदान पर जडेजा का प्रदर्शन एक बार फिर चर्चा में है – याद दिला दें, 2023 में इसी पिच पर उन्होंने एक पारी में 7 विकेट (7/42) और पूरे मैच में 10 विकेट झटके थे।

### मैच की स्थिति

भारत का पलड़ा भारी है और तीसरे दिन टीम इंडिया की कोशिश होगी कि शुरुआती सेशन में ही वेस्टइंडीज की पारी को समेटकर फॉलोऑन या पारी से जीत की स्थिति बनाए।

# शंघाई मास्टर्स 2025 :वेलेंटिन वाशरो ने जोकोविच को हराकर फाइनल में जगह बनाई

शंघाई।मोनाको के 26 वर्षीय खिलाड़ी वेलेंटिन वाशरो ने 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को 6–3, 6–4 से हराकर शंघाई मास्टर्स 2025 के फाइनल में प्रवेश किया।204वीं रैंकिंग के वाशरो टूर्नामेंट में क्वालीफाइंग के माध्यम से आए थे, लेकिन अब उन्होंने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वाशरो ने कहा, 'कोर्ट पर नोवाक को देखना मेरे लिए अविश्वसनीय अनुभव था।' फाइनल में वाशरो का सामना उनके चचेरे भाई आर्थर रिंदरनेश से हो सकता है, जिन्होंने सेमीफाइनल में 16वें वरीय दानिल मेदवेदेव को हराना है।जोकोविच इस मैच में कूल्हे की चोट से प्रभावित दिखे और पहले सेट में 3–4 से पीछे रहने के बाद मेडिकल टाइमआउट लिया, लेकिन अगले गेम में केवल एक अंक ही जीत सके।



# ऑस्ट्रेलिया दौरे में संगकारा का रिकार्ड तोड़ सकते हैं विराट




नई दिल्ली ।भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के पास ऑस्ट्रेलिया दौरे में एक बड़ा रिकार्ड अपने नाम करने का अवसर है।इस दौरे में विराट अगर 54 रन बना लेते हैं तो वह एकदिवसीय में सबसे अधिक रनों के मामले में दूसरे नंबर पर चल रहे पूर्व श्रीलंकाई बल्लेबाज कुमार संगकारा का रिकॉर्ड तोड़ देंगे और इसके साथ ही शीर्ष पर कायम सचिन तेंदुलकर के रिकार्ड के भी करीब पहुंच जाएंगे।एकदिवसीय में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर संगकारा हैं। संगकारा ने 404 एकदिवसीय मैचों में 41.99 की औसत से 14234 रन बनाए हैं। वहीं विराट के 302 मैचों में 14181 रन हैं।इस प्रकार विराट और संगकारा के बीच महज 54 रनों का अंतर रह गया है। विराट एकदिवसीय में सबसे अधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने इस प्रारुप में अब तक उन्होंने कुल 50 शतक लगाये है वहीं सचिन के नाम 49 शतक हैं।हालांकि, रनों के मामले में फिलहाल वह सचिन से पीछे हैं।सचिन ने 463 मैचम में 18426 रन बनाये हैं।इस प्रकार दोनो के बीच का अंतर चार हजार से भी अधिक है। कोहली का ऑस्ट्रेलिया में काफी अच्छा रिकार्ड रहा है। साल 2009 से लेकर 2025 तक उन्होंने ऑस्ट्रेलिय के खिलाफ कुल 50 एकदिवसीय मैच खेलते हुए 54.46 की औसत और 93.69 की स्ट्राइक रेट से 2451 रन बनाए हैं।इस दौरान उन्होंने 8 शतक और 15 अर्धशतक लगाये हैं।

# जोहर कप 2025: रोमांचक मुकाबले में भारत की जीत, ग्रेट ब्रिटेन को 3-2 से हराया

**जोहर बहारू (मलेशिया) (एजेंसी)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने सुल्तान ऑफ जोहर कप 2025 (Sultan of Johor Cup 2025) अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए ग्रेट ब्रिटेन को 3-2 से हराया। यह मुकाबला शनिवार को तमन दया हॉकी स्टेडियम में खेला गया।

भारत की ओर से कप्तान रोहित (45+', 52') और रवनीत सिंह (23') ने गोल किए, जबकि ग्रेट ब्रिटेन के लिए माइकल रॉयडन (26') और काडेन ड्रेसी (46') ने गोल दागे।

पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रामक हॉकी खेली, लेकिन गोल नहीं हो सका। भारत को 13वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे ब्रिटिश डिफेंस ने रोक दिया। 22वें मिनट में मनमीत सिंह का शॉट गोललाइन पर क्लियर कर दिया गया, लेकिन अगले ही मिनट रवनीत सिंह ने शानदार फिनिश के साथ भारत को बढ़त दिलाई। 26वें मिनट में माइकल रॉयडन ने ग्रेट ब्रिटेन के लिए बराबरी का गोल दागा। हाफ टाइम तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमें मौके तलाशती रहीं।




45वें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिस पर कप्तान रोहित ने सटीक ड्रैगफ्लिक के जरिए गोल दागते हुए बढ़त दिलाई। हालांकि, 46वें मिनट में ब्रिटेन को पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे काडेन ड्रेसी ने भुनाया और स्कोर 2-2 कर दिया।

इसके बाद भारत ने लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, जिनमें से तीसरे मौके पर रोहित (52') ने जोरदार शॉट लगाकर निर्णायक गोल किया और भारत ने मुकाबला 3-2 से जीत लिया। भारत अब रविवार को अपना अगला मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगा।

# एशियाई कप क्वालीफायर : सुभाशीष बोस और राल्टे हुए टीम इंडिया में शामिल



मडगांव। सीनियर डिफेंडर सुभाशीष बोस और मिडफील्डर लालेंगमाविया राल्टे एशियाई कप क्वालीफायर में सिंगापुर के खिलाफ दूसरे चरण के अहम मैच से पहले भारतीय फुटबॉल टीम के राष्ट्रीय शिविर में शामिल हो गए हैं।भारत ने सिंगापुर में खेले गए पहले चरण के मुकाबले को 1–1 से ड्रॉ किया था। अब टीम दूसरे चरण की मेजबानी गोवा में करेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) (ढ्ढस्नस्न) ने इस खबर की पुष्टि की और बताया कि बोस और राल्टे आज से शिविर में ट्रेनिंग शुरू करेंगे।भारत ने इस साल की शुरुआत में बांग्लादेश के खिलाफ 0–0 से ड्रॉ और हांगकांग से 0–1 से हार के बाद केवल एक अंक अर्जित किया है।ऐसे में सिंगापुर के खिलाफ 'डबल हेडर' मुकाबला टीम के एशियाई कप क्वालीफिकेशन के लिए निर्णायक साबित हो सकता है।टीम ने पिछले महीने सीएएफए नेशंस कप में कांस्य पदक भी जीता था।

# शिवाजी पार्क में घंटों प्रैक्टिस करते दिखे रोहित शर्मा

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के 'हिटमैन' रोहित शर्मा भले ही अपने करियर के आखिरी पड़ाव पर पहुंच चुके हों, लेकिन उनके लिए फैंस का प्यार अब भी बरकरार है। हाल ही में उनसे वनडे टीम की कप्तानी छीन ली गई है, जबकि वह पहले ही टेस्ट और टी20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। इन सबके बीच शुक्रवार को सोशल मीडिया पर रोहित शर्मा का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह मुंबई के मशहूर शिवाजी पार्क में अभ्यास करते नजर आए। वीडियो में रोहित करीब दो घंटे तक नेट्स में जमकर बल्लेबाजी करते हुए दिखे। जैसे ही वह अभ्यास सत्र खत्म कर बाहर निकले, वहां मौजूद फैंस उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब हो उठे। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि रोहित के मेंटोर और पूर्व भारतीय क्रिकेटर अभिषेक नायर को खुद फैंस से अपील करनी पड़ी। नायर, जो कभी रोहित के साथ मुंबई रणजी टीम में खेल चुके हैं, फैंस से कहते हुए नजर आए ÷कोई धक्का मत देना, हम सब फैन हैं, लेकिन उसको लगना नहीं चाहिए।' रोहित शर्मा ने यह अभ्यास सत्र नायर की निगरानी में ऑल हार्ट क्रिकेट अकादमी में किया, जो शिवाजी पार्क में स्थित है। इस दौरान मुंबई के युवा क्रिकेटर अंगकृष रघुवंशी सहित कई स्थानीय खिलाड़ी भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि यह अभ्यास सत्र रोहित की ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारी का हिस्सा था। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज 19 अक्टूबर से पर्थ में शुरू होगी।



# सूर्यकुमार बोले मुम्बई इंडियंस में तैयार होते हैं तिलक जैसे खिलाड़ी

नई दिल्ली (ईएमएस)।भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल फ्रेंचाइजी मुम्बई इंडियंस की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उससे मैच विजेता खिलाड़ी निकलते हैं।सूर्यकुमार ने कहा कि एशिया कप में शानदार पारी खेलने वाले तिलक वर्मा भी मुम्बई से ही निकले हैं। सूर्या के अनुसार मुम्बई इंडियंस किसी गुरुकुल की तरह है जो बेहतरीन खिलाड़ियों को तैयार करता है।मुम्बई से खेलने वाले तिलक ने एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ 53 गेंदों में 69 रनों की नाबाद पारी खेलकर भारतीय टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।इस मैच में जब तिलक बल्लेबाजी के लिए आये तब भारतीय टीम परेशानी में थी और उसने 20 रनों पर ही तीन विकेट खो दिये थे। इसके बाद तिलक ने जबरदस्त पारी खेली।आईपीएल में मुम्बई की ओर से भी इसी प्रकार तिलक के कई बेहतरीन पारियां खेली हैं और उस अनुभवी का लाभ उन्हें एशिया कप में मिला।सूर्यकुमार ने तिलक की तारीफ करते हुए उनके शानदार प्रदर्शन का श्रेय मुंबई इंडियंस को दिया है।मुम्बई ने इसका एक वीडियो भी साझा किया है।इस वीडियो में सूर्यकुमार तिलक को लेकर कहते दिखते हैं, जब हम नवंबर 2024 में दक्षिण अफ्रीका में थे तब उसने 2 शतक जड़े तब हमें पता चल गया कि तिलक आ चुका है पर उसने हमें असली तिलक एशिया कप में दिखाया कि वह क्या कर सकता है। सूर्या ने कहा कि मुम्बई में मिले अनुभवों के कारण ही तिलक आज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में स्थापित हो गये हैं।उन्होंने कहहा, मैंने जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्य ने भारतीय टीम में जगह मिलने से पहले आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेला था।मुंबई इंडियंस एक गुरुकुल की तरह है।मुंबई इंडियंस वो गुरुकुल है जहां वे खिलाड़ी तैयार करते हैं।हम वहां पर दबाव के हालातों में बल्लेबाजी करते और उसका लाभ भारतीय टीम से खेलने के दौरान होता है।जब हम इंडिया के लिए खेले तब हम पहले ही से तैयार थे।तिलक को पता था कि वह इस तरह के दबाव वाले हालातों में कैसा खेला जाता है।इसलिए उससे निडर होकर खेला ।



# शुभमन गिल के आलोचकों को गौतम गंभीर का सीधा जवाब- 'वह सबसे कठिन परीक्षा में अच्छे अंकों से पास हुआ'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने भारतीय क्रिकेट के नए कप्तान शुभमन गिल की जमकर तारीफ की है। ये तारीफ गिल के आलोचकों के लिए करारा और सीधा जवाब है। गंभीर ने जवाब देते हुए साफ किया कि वह गिल का तब तक पूरा समर्थन करेंगे, जब तक यह युवा खिलाड़ी अपना काम ठीक से करता रहेगा। दिल्ली के फ़िरोज़शाह कोटला स्टेडियम में भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दौरान स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए गौतम गंभीर ने शुभमन गिल की कप्तानी की प्रशंसा की।

### टेस्ट कप्तानी में मिली थी अनुचित आलोचना

गंभीर ने याद किया कि इस साल की शुरुआत में भारत के इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद शुभमन गिल को किस तरह अनुचित आलोचना का सामना करना पड़ा था। गंभीर के अनुसार गिल ने इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज (जो भारत ने 2-2 से ड्रॉ कराई थी) के दौरान अविश्वसनीय धैर्य दिखाते हुए अपने आलोचकों को चुप करा दिया।

गंभीर ने कहा, 'मुझे याद है, पूरी बातचीत याद है। एक 25 साल के युवा को टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपते हुए मैंने उससे एक बात साफ़-साफ़ कह दी थी- हमने तुम्हें गहरे समुद्र में फेंक दिया है। यहां से सिर्फ़ दो ही रास्ते हैं- या तो तुम डूब जाओगे या फिर एक विश्वस्तरीय तैराक बन जाओगे।'

### प्रेशर संभालना मायने रखता है

गंभीर ने ज़ोर देकर कहा कि उनके लिए गिल द्वारा बनाए गए रन मायने नहीं रखते। गंभीर के शब्द थे- 'मेरे लिए इंग्लैंड में शुभमन गिल के बनाए गए 750 रन उतने मायने नहीं रखते। यह मायने रखता है कि एक 25 साल के युवा ने कप्तान के तौर पर अपनी पहली टेस्ट सीरीज में खुद को, टीम को और प्रेशर को कितनी खूबी से संभाला।'

### ODI 2027 में भी संभाल सकते हैं टीम की कमान

शुभमन गिल को अब रोहित शर्मा की जगह वनडे टीम की कप्तानी भी सौंप दी गई है। वह अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज से टीम इंडिया के वनडे कप्तान के रूप में अपनी पारी शुरू करेंगे। बीसीसीआई गिल को दक्षिण अफ्रीका में 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए बतौर कप्तान तैयार कर रहा है।

गिल ने ऐसे महत्वपूर्ण दौर में टेस्ट टीम की कमान संभाली थी, जब विराट कोहली और रोहित शर्मा ने आईपीएल के बीच में ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था। ऑस्ट्रेलिया से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी हारने और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में 0-3 से व्हाइट वॉश होने के बाद इंग्लैंड दौरे पर टीम इंडिया काफी दबाव में थी।

### सबसे कठिन परीक्षा पास कर चुके हो

ओवल टेस्ट में जीत के साथ सीरीज 2-2 से बराबर करने के बाद गंभीर ने गिल के साथ हुई अपनी बातचीत को याद किया। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि गिल को अपने करियर में इससे कठिन परीक्षा से गुजरना पड़ेगा। चाहे वह 10 साल, 15 साल या 2 साल कप्तानी करें, लेकिन उनके लिए इंग्लैंड दौरे पर वह दो महीने का समय सबसे चुनौतीपूर्ण था।'



गंभीर ने कहा, 'इंग्लैंड की बैटिंग यूनिट बेहद खतरनाक थी और हमारी टीम अनुभवहीन। शुभमन ने प्रेशर को खूबी हैंडल किया। उसके लिए वह एक बड़ी परीक्षा थी। मुझे याद है ओवल टेस्ट के बाद मैंने उनसे कहा था- तुम अपनी सबसे कठिन परीक्षा पास कर चुके हो। बदलाव का दौर खत्म हो गया है। अब से चीजें आसान हो जाएंगी।'

# इधर ट्रंप ने ऐलान किया उधर क्रिप्टो मार्केट में मचा हाहाकार, कई कंपनियों के शेयर गिर

**वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, '1 नवंबर 2025 से (या उससे पहले अगर चीन कोई और कदम उठाता है) अमेरिका चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा, जो मौजूदा करों से ऊपर होगा। उसी दिन से सभी क्रिटिकल सॉफ्टवेयर पर एक्सपोर्ट कंट्रोल भी लगाए जाएंगे। ट्रंप ने कहा कि यह कदम इसलिए जरूरी है क्योंकि चीन 'लगभग हर उत्पाद' पर बड़े पैमाने पर एक्सपोर्ट कंट्रोल लागू करने की योजना बना रहा है। उन्होंने इसे 'अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए एक खतरनाक मिसाल' बताया। अभी अमेरिका चीन के उत्पादों पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाता है। ट्रंप की नई घोषणा के बाद यह दर कुल मिलाकर 130 प्रतिशत हो जाएगी। ट्रंप के इस बयान के बाद क्रिप्टोकरेंसी और अमेरिकी शेयर बाजार में हाहाकार मच गया। बिटकॉइन और इथीरियम समेत अमेरिका में टेस्ला और अमेजन जैसी कंपनियों के शेयर गिर गए।

ट्रंप ने यह फैसला तब लिया है जब चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स पर नए एक्सपोर्ट नियंत्रण लगाने का ऐलान किया। ये खनिज मोबाइल, कंप्यूटर चिप्स, बैटरी और सोलर पैनल जैसे टेक प्रोडक्ट्स बनाने में जरूरी होते हैं। ट्रंप के ऐलान के तुरंत बाद बिटकॉइन और इथेरियम जैसी प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी के दाम गिर गए। बिटकॉइन 10 प्रतिशत से ज्यादा गिरकर डॉलर 1,10,000 के नीचे चला गया, बाद में हल्का सुधार होकर डॉलर 1,13,096 पर पहुंचा। इथेरियम 11.2 प्रतिशत टूटकर डॉलर 3,878 पर आ गया।



बीएनबी, सोलाना और एक्सआरपी जैसी क्रिप्टोकरेंसी में भी 14 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों का कहना है कि ट्रेड वार के डर से निवेशकों ने जोखिम भरे निवेश, जैसे क्रिप्टो और टेक स्टॉक्स, से पैसा निकालना शुरू कर दिया है।

# 80000 दैनिक वेतन भोगियों की नौकरी खतरे में

### दिग्विजय सरकार की याद ताजा हुई

**भोपाल**

25 साल पहले मध्य प्रदेश शासन ने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति पर प्रतिबंध लगाया था। उस समय केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय द्वारा दैनिक वेतन भोगियों को हटाने के आदेश म.प्र. शासन को दिए गए थे। उस समय प्रदेश कर्ज के बोझ से दबा हुआ था। उस समय इसको लेकर बड़ा बवाल हुआ था। उमा भारती और कल्पना परुलेकर ने उस समय प्रदेश में बड़ा आंदोलन भी किया था। 25 साल बाद एक बार फिर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का मामला तूल पकड़ गया है। पिछले 25 वर्षों में 80000 से अधिक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी नगरीय निकायों मे प्रतिबंध के बाद संस्थाओं में नियुक्त किए गए हैं। नगरीय निकाय विभाग अब इनको नौकरी से निकलने पर विचार कर रहा है। ऐसी स्थिति में मध्य प्रदेश के लगभग 80000 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी बेरोजगारी की कगार पर खड़े हो गए हैं।

नगरीय निकाय विभाग ने सभी नगरीय संस्थाओं से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के बारे में जानकारी मांगी है। यह जानकारी 25 अक्टूबर तक सभी संस्थाओं को देनी है।

उपसचिव प्रमोद शुक्ला के हस्ताक्षर से जारी आदेश में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है। मार्च 2000 के बाद दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति पर पूर्ण प्रतिबंध लगा हुआ है। उसके बाद जो भी नियुक्तियां हुई हैं। उसकी जानकारी शासन ने मांगी है।

नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है।

सरकार की ओर से उन्हें पर्याप्त आर्थिक मदद नहीं मिल पा ही है। ऐसी स्थिति में एक बार फिर दैनिक वेतन भोगियों को नौकरी से हटाने की बात होने लगी है।

यदि सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया, तो लगभग 80 हजार दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी नौकरी से निकाल दिए जाएंगे। 80000 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी बेरोजगारी के कगार पर खड़े हैं।

# महिंद्रा बोलेरो फेसलिफ्ट वर्जन लॉन्च, कीमत है रुपए 7.99 लाख




**नई दिल्ली**

महिंद्रा ने महिंद्रा बोलेरो का फेसलिफ्ट वर्जन 2025 लॉन्च किया है, जिसकी शुरुआती कीमत रुपए 7.99 लाख रखी गई है। नए मॉडल में एक्सटीरियर, इंटीरियर और राइड कम्फर्ट को लेकर कई अहम अपडेट किए गए हैं। बोलेरो के नए फेसलिफ्ट में कंपनी ने इसके सिग्नेचर बॉक्सी स्टांस और सीधे आकार को बरकरार रखा है। एक्सटीरियर में नया 5-स्लैट क्रोम-एक्सेंटेड ग्रिल, टॉप-स्पेक बी 8 ट्रिम पर 16-इंच के नए एलॉय व्हील और बी6 वैरिएंट से शुरू होने वाले फॉग लैंप शामिल किए गए हैं। इसके अलावा, स्टील्थ ब्लैक पेंट का नया विकल्प भी पेश किया गया है। हालांकि, बोलेरो की मजबूत और सिंपल डिजाइन इसकी पहचान बनाए रखती है। इंटीरियर में सबसे बड़ा बदलाव टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम है। हालांकि, एंड्रॉयड ऑटो और एपल कारप्ले की कनेक्टिविटी अभी नहीं दी गई है। इसके अलावा स्टीयरिंग-माउंटेड कंट्रोल,यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट, डोर बॉटल होल्डर और टॉप ट्रिम्स पर लेदरेट अपहोल्स्ट्री भी नई है। सुरक्षा के लिहाज से सभी वैरिएंट में डुअल एयरबैग स्टैंडर्ड हैं। हूड के नीचे बदलाव नहीं किया गया है। इसमें भरोसेमंद 1.5-लीटर, 3-सिलेंडर डीजल इंजन मिलता है, जो 76एचपी पावर और 210 एनएम टॉर्क जनरेट करता है।

यह 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स के जरिए पिछले पहियों को पावर देता है। एसयूवी का लैडर-फ्रेम चेसिस अब भी बरकरार है, लेकिन पीछे पुराने लीफ स्प्रिंग की जगह नया डैम्पर सिस्टम लगाया गया है। यह एडवांस्ड सेटअप उबड़-खाबड़ रास्तों पर सवारी के आराम और स्थिरता को बेहतर बनाता है। महिंद्रा बोलेरो फेसलिफ्ट अपने नए डिज़ाइन और फीचर्स के साथ पुराने ग्राहकों और नए खरीदारों दोनों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गई है, जो मॉडर्न और प्रैक्टिकल एसयूवी अनुभव प्रदान करती है।

# जीएसटी कटौती से कार और बाइक की बिक्री में उछाल



**नई दिल्ली**

सितंबर महीने में जीएसटी कटौती और नवरात्रि ऑफर्स की वजह से कार और बाइक की बिक्री में तेज उछाल देखने को मिला। अनुमानित 3.75 से 3.8 लाख वाहन फैक्ट्रियों से डिस्पैच किए गए, जो पिछले साल की तुलना में 5-6 प्रतिशत ज्यादा हैं। वहीं, रिटेल बिक्री में लगभग 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, अचानक बढ़ी मांग और त्योहारों की खरीदारी ने ट्रांसपोर्ट नेटवर्क पर दबाव बढ़ा दिया है।


महिंद्रा एंड महिंद्रा के ऑटोमोटिव डिवीजन के सीईओ नालिनिकांत गोल्लागुंटा ने बताया कि ÷त्योहारों की मांग ने ट्रेलरों की उपलब्धता पर असर डाला है, लेकिन हम डीलर नेटवर्क तक वाहनों की डिलीवरी सुधारने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।देश की सबसे बड़ी कार निर्माता मारुति सुजुकी के पास भी करीब 2.5 लाख पेंडिंग डिलीवरी हैं। कंपनी रेलवे ट्रांसपोर्ट का उपयोग कर डिलीवरी समय पर करने का प्रयास कर रही है। वहीं, बीएमडब्ल्यू इंडिया के प्रेसिडेंट और सीईओ हरदीप सिंह बरार ने कहा कि दिवाली और धनतेरस पर डिलीवरी लेने का ट्रेंड मजबूत है, लेकिन लॉजिस्टिक समस्याओं को काफी हद तक नियंत्रित कर लिया गया है। टू-व्हीलर और इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं के लिए चुनौती दोगुनी है। लॉजिस्टिक बाधाएं और रेयर अर्थ मैग्नेट की कमी उत्पादन को प्रभावित कर रही हैं। प्रमुख टू-व्हीलर कंपनियों ने बताया कि कीमतों में कटौती के बाद मांग में उछाल आया, लेकिन मैग्नेट की कमी ने उत्पादन को सीमित कर दिया। सितंबर में टीवीएस मोटर, बजाज ऑटो और रॉयल एनफील्ड ने मजबूत बिक्री दर्ज की। रॉयल एनफील्ड की बिक्री में 43 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि टाटा मोटर्स की कमर्शियल गाड़ियों की बिक्री में 16 प्रतिशत और अशोक लेलैंड में 7 प्रतिशत की वृद्धि रही।

# सरकार ने विद्युत अधिनियम में बड़े सुधारों का प्रस्ताव रखा

## उद्योगों को बिजली दरों में राहत देने का लक्ष्य

**नई दिल्ली**

सरकार ने विद्युत क्षेत्र के वित्तीय सुधारों को आगे बढ़ाते हुए विद्युत अधिनियम में महत्वपूर्ण संशोधन का मसौदा विधेयक 2025 प्रस्तुत किया है। इस संशोधन में बिजली की दरें लागत के अनुरूप तय करने को अनिवार्य बनाया जाएगा। इससे बिजली वितरण कंपनियों के भारी घाटे को कम करने और वित्तीय स्थिरता लाने का प्रयास किया जाएगा। मसौदे में विशेष रूप से उद्योगों के लिए बिजली दरों को कम करने का प्रस्ताव रखा गया है, जिससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। इसके साथ ही रेलवे और मेट्रो रेल प्रणालियों को पांच वर्षों के भीतर क्रॉस-सब्सिडी के बोझ से मुक्त करने की योजना है, जिससे मालवहन और यात्री परिवहन की लागत में कमी आएगी। राज्य विद्युत नियामक आयोगों को स्वतः संज्ञान लेकर शुल्क निर्धारित करने का अधिकार मिलेगा। यह व्यवस्था वित्तीय अनुशासन में सुधार लाएगी और संशोधित दरें हर वित्त वर्ष की शुरुआत से लागू होंगी। केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग को बाजार संचालित साधन लाने का विशेष



अधिकार दिया जाएगा, जिससे नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा और स्वच्छ ऊर्जा अपनाने की प्रक्रिया तेज होगी। यह संशोधन विधेयक बिजली क्षेत्र के घाटे को कम करने, उद्योगों के लिए बिजली की लागत घटाने और देश की आर्थिक उत्पादकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। साथ ही, यह भारत के ऊर्जा संक्रमण को भी गति देगा और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को सुदृढ़ करेगा।

# बिजली संशोधन विधेयक 2025 पेश

### सस्ती, पारदर्शी और विश्वसनीय आपूर्ति की दिशा में कदम



**नई दिल्ली** बिजली मंत्रालय ने मसौदा बिजली संशोधन विधेयक 2025 पेश किया है, जिसमें वितरण क्षेत्र को वित्तीय रूप से मजबूत और पारदर्शी बनाने के उपाय शामिल हैं। विधेयक राज्यों के नियामकों को बिजली दरों में स्वतः संशोधन का अधिकार देता है, जिससे दर निर्धारण में समयबद्धता आएगी। वितरण लाइसेंसधारकों को नेटवर्क साझा करने की अनुमति दी गई है, जिससे दोहराव और लागत में कमी होगी। विनिर्माण, रेलवे और मेट्रो को पांच वर्षों में क्रॉस-सब्सिडी से मुक्त करने का प्रस्ताव है, जिससे परिवहन लागत घटेगी। विधेयक उद्योगों को स्वयं बिजली उत्पादन और स्वच्छ ऊर्जा विकल्प अपनाने की सुविधा भी देता है। इसके अलावा, अपीलीय न्यायाधिकरण में निर्णय प्रक्रिया तेज करने, साइबर सुरक्षा मजबूत करने और सेवा मानक तय करने का भी प्रावधान है। मंत्रालय ने इस पर 30 दिन में सुझाव मांगे हैं।

# नायडू ने विमानन कंपनियों से कहा, नहीं बढ़ाए त्योहारों में हवाई किराया



**नई दिल्ली** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने विभिन्न विमानन कंपनियों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें उनके संचालन और तकनीकी प्रदर्शन का आकलन किया गया। बैठक में एयर इंडिया, इंडिगो, अकासा एयर, फ्लाई91, फ्लाईबिग समेत अन्य एयरलाइनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान मंत्री ने त्योहारों के दौरान हवाई किराए में अनावश्यक वृद्धि को लेकर चिंता जताई और सभी कंपनियों से किराया उचित स्तर पर बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि यात्रियों की संख्या में संभावित वृद्धि के बावजूद कंपनियां जनता की सुविधा का ध्यान रखें। अधिकारियों ने अपने-अपने प्रदर्शन, सुरक्षा घटनाओं और यात्री शिकायतों पर की गई कार्रवाई से जुड़े आंकड़े प्रस्तुत किए। मंत्री ने सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन और सेवा गुणवत्ता में सुधार के लिए सर्वोत्तम कार्यप्रणालियां अपनाने पर जोर दिया।

# टाटा संस की लिस्टिंग की मांग पर फिर अड़ा एसपी ग्रुप

### पारदर्शिता और सार्वजनिक हित को बताया प्राथमिकता




**मुंबई** टाटा संस में 18.4 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाला शापूरजी पलोनजी (एसपी) ग्रुप एक बार फिर कंपनी की पब्लिक लिस्टिंग की मांग पर अड़ गया है। समूह ने इसे पारदर्शिता, निष्पक्षता और सार्वजनिक हित से जुड़ा मुद्दा बताया है। एसपी ग्रुप का कहना है कि यह कदम अच्छे कॉरपोरेट गवर्नेंस के सिद्धांतों को आगे बढ़ाएगा और संस्थापक जमशेदजी टाटा की विरासत को सच्चा सम्मान देगा। समूह ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) पर पूर्ण भरोसा जताते हुए कहा कि यह एक संवैधानिक और स्वायत्त संस्था है, जो न्याय और समानता के आधार पर काम करती है। एसपी ग्रुप ने 30 सितंबर, 2025 तक अनुपालन की समय-सीमा को गंभीरता से लेने की अपील की है, जो आरबीआई द्वारा ऊपरी स्तर की गैर-बैंकिंग कंपनियों के लिए तय की गई है। वर्तमान में टाटा ट्रस्ट्स, जिनके पास टाटा संस में 66 फीसदी हिस्सेदारी है, बोर्ड के फैसलों पर वीटो पावर रखते हैं। रिपोर्टों के अनुसार ट्रस्टियों के बीच टाटा संस की लिस्टिंग को लेकर मतभेद हैं। एसपी ग्रुप का मानना है कि लिस्टिंग से उन्हें अपनी हिस्सेदारी बेचने का अवसर मिलेगा, जिससे वे अपनी वित्तीय जिम्मेदारियाँ पूरी कर सकेंगे। साथ ही इससे टाटा समूह की कंपनियों में निवेश कर चुके 1.2 करोड़ से अधिक शेयरधारकों के लिए भी मूल्य सृजन का मार्ग खुलेगा।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे सप्ताह मजबूती रही

## कैपिटल मार्केट और आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा तेजी दर्ज की गई

### विदेशी निवेशकों की खरीदारी के कारण बाजार में शुरुआती तेजी देखने को मिली।

**मुंबई**

घरेलू शेयर बाजार में लगातार दूसरे सप्ताह तेजी देखी गई है, जो पिछले तीन महीनों में सबसे बड़ी साप्ताहिक बढ़त मानी जा रही है। चार प्रमुख सूचकांकों में लगभग 2 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इस सप्ताह कैपिटल मार्केट और आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा तेजी रही, जहां दोनों सेक्टर्स ने लगभग 5 प्रतिशत की वृद्धि की। शेयर बाजार ने सोमवार को जोरदार शुरुआत की। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 81,300 के स्तर पर खुला और दिन के अंत में 582.95 अंक बढ़कर 81,790.12 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 25,000 के पार खुला और 183.40 अंक की बढ़त के साथ 25,077.65 पर बंद हुआ। मंगलवार को भी सेंसेक्स और




निफ्टी ने क्रमशः 136.63 और 30.65 अंक की तेजी दर्ज की। बुधवार को आईटी शेयरों में बढ़त और विदेशी निवेशकों की खरीदारी के कारण बाजार में शुरुआती तेजी देखने को मिली। हालांकि, दिन के अंत में सेंसेक्स 153.09 अंक गिरकर 81,773.66 और निफ्टी 62.15 अंक घटकर 25,046.15 पर बंद हुए। गुरुवार को बाजार ने फिर जोरदार उछाल लिया; सेंसेक्स ने 398.44 अंक की बढ़त के साथ 82,172.10 और निफ्टी ने 135.65 अंक की तेजी के साथ 25,181.80 अंक पर कारोबार खत्म किया। शुक्रवार को भी बाजार में तेजी बनी रही। सेंसेक्स 328.72 अंक उछलकर 82,500.82 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी ने 103.55 अंक की बढ़त के साथ 25,285.35 अंक दर्ज किए। हालांकि, इस्राइल-हमास शांति वार्ता और अमेरिकी राष्ट्रपति की गाजा शांति योजना के कारण निवेशक सतर्क नजर आए।

# क्रेता जब बिल स्वीकार करेगा, तभी बिक्री मानी जाएगी

### जीएसटी के नियमों में सुधार

**नई दिल्ली** जीएसटी ने अपने नियमों में बदलाव किया है। अभी विक्रेता द्वारा जो बिल काटा जाता था। उसे बिक्री मानकर जीएसटी टेक्स वसूल कर लेती थी।

कई मामले में खरीददार बिल को स्वीकार नहीं करता था। जिसके कारण खरीदार एवं विक्रेता को लेकर टैक्स विसंगति बढ़ती चली जा रही थी। जीएसटी ने बिल प्रबंधन में बदलाव किया है। अब जिस क्रेता के नाम पर बिल काटा गया है। उसको उसे स्वीकार करना पड़ेगा। तभी पूरा लेनदेन स्वीकृत माना जाएगा। क्रेता को अब यह अधिकार दिया गया है। वह बिलों को स्वीकार या अस्वीकार कर सके। यदि ऐसा नहीं किया गया तो जीएसटी 2b में उसे क्रेडिट का लाभ नहीं मिलेगा।

# ट्रंप ने चीनी आयात पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की धमकी दी



**वॉशिंगटन** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में यह घोषणा की कि वह चीन से होने वाले आयात पर 1 नवंबर 2025 से या उससे पहले 100 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की योजना बना रहे हैं। यह कदम चीन द्वारा दुर्लभ मृदा के निर्यात पर लगाए गए नियंत्रणों के जवाब में उठाया जा रहा है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि यह शुल्क वर्तमान दरों के अतिरिक्त होगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी दक्षिण कोरिया यात्रा के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मिलने की कोई योजना नहीं है। इस घोषणा के बाद वैश्विक वित्तीय बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई है और मंदी की आशंका तेज हो गई है। विशेषज्ञों के अनुसार यह फैसला अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध को फिर से भड़का सकता है।

# ईपीएफओ के निवेश में कमियां, आरबीआई ने फंड मैनेजमेंट सुधारने के दिए सुझाव

### 30 करोड़ कर्मचारियों की रिटायरमेंट बचत पर खतरा

**नई दिल्ली** देश के सबसे बड़े रिटायरमेंट फंड संगठन ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) की निवेश और फंड मैनेजमेंट प्रक्रिया पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सवाल उठाए हैं। करीब 30 करोड़ कर्मचारियों की 25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत का प्रबंधन करने वाले ईपीएफओ को आरबीआई ने कई अहम सुझाव दिए हैं। वर्तमान में ईपीएफओ अपने फंड का 45-65 फीसदी सरकारी बॉन्ड्स, 20-45 फीसदी डेट इंस्ट्रूमेंट्स और 5-15 फीसदी शेयर बाजार में निवेश करता है। वर्ष 2025 में ईपीएफओ ने 8.25 फीसदी ब्याज देने का वादा किया है, जबकि सरकारी बॉन्ड्स से औसतन 6.86 फीसदी और निफ्टी व सेंसेक्स से केवल 5 फीसदी से कम रिटर्न मिला। आरबीआई का कहना है कि ईपीएफओ को सिर्फ शेयर नहीं, बल्कि हर निवेश पर बिक्री रणनीति लागू करनी चाहिए। फिलहाल ईपीएफओ चार साल पुराने मुनाफे वाले शेयरों को बेचता है, लेकिन बाजार की मौजूदा स्थिति नहीं देखता। इसके अलावा आरबीआई ने फंड मैनेजमेंट में खराब निवेश की पहचान, नुकसान दर्ज करने और जोखिम प्रबंधन की कमी को भी उजागर किया। पुराने घाटे वाले निवेश अभी भी पोर्टफोलियो में हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि ईपीएफओ फंड मैनेजर और नियामक दोनों की भूमिका निभा रहा है, जिससे हितों का टकराव पैदा हो सकता है। आरबीआई ने सुझाव दिया कि तीनों फंड–प्रोविडेंट, पेंशन और इंश्योरेंस–के लिए अलग निवेश रणनीति अपनाई जाए।

# पर्सनल लोन में कम उम्र वालों को मिलती है प्राथमिकता, कुछ को मिलता है जल्दी लोन

**नई दिल्ली**

बैंक सिर्फ आपकी इनकम और क्रेडिट स्कोर ही नहीं देखते, बल्कि आपकी उम्र से भी यह तय करते हैं कि आप लोन के लिए कितने योग्य हैं और आपको किन शर्तों पर पैसे मिलेंगे। असल में उम्र यह बताती है कि आपकी कमाई का समय कितना बचा है और आप कितने साल तक स्थिर इनकम कमा सकते हैं। यही वजह है कि बैंक अलग-अलग उम्र के लोगों को अलग तरह से आंकते हैं। अगर सही उम्र में अप्लाई किया जाए तो न सिर्फ लोन आसानी से मंजूर होता है, बल्कि ब्याज दर और किस्तों में भी आसानी मिलती है। ज्यादातर बैंक पर्सनल लोन के लिए 21 साल से 60 साल तक की उम्र के लोगों को पात्र मानते हैं।

शुरुआती उम्र में जब इनकम स्थिर नहीं होती, तब बैंक ज्यादा सतर्क रहते हैं। वहीं रिटायरमेंट के करीब आने वाले लोगों को भी बैंक कम टेन्योर और सख्त शर्तों पर लोन देते हैं। अगर आपकी उम्र 25 या 30 साल के आसपास है, तो बैंक आपको लंबा टेन्योर यानी 5 से 7 साल तक का समय दे सकते हैं। लेकिन अगर आप 55 की उम्र में लोन लेते हैं, तो बैंक यह सुनिश्चित करते हैं कि किस्तें




रिटायरमेंट से पहले खत्म हो जाएं। ऐसे में टेन्योर छोटा यानी 2 से 3 साल ही रह जाता है। बैंक कम उम्र के और स्थिर नौकरी वाले ग्राहकों को कम रिस्क वाला मानते हैं। इस वजह से 30 से 45 साल के बीच के लोगों को आमतौर पर सबसे अच्छे ऑफर मिलते हैं।रिपोर्ट में कहा गया है कि बोर्डरूम में महिलाओं की रिपोर्ट के मार्च 2024 एडिशन के मुताबिक 2022 से बोर्डरूम में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 3.6 फीसदी बढ़ा है और जेंडर पैरिटी प्राप्त करने की अनुमानित समयसीमा भी सात साल कम हो गई है।

# टाटा ट्रस्ट्स में नेतृत्व की खींचतान, सरकार ने दी सुलह की नसीहत

### नोएल टाटा और मेहली मिस्त्री गुटों के बीच विवाद के बीच हुई बोर्ड मीटिंग

**मुंबई** टाटा ट्रस्ट्स में चल रही आंतरिक खींचतान के बीच हाली ही में बोर्ड की नियमित बैठक हुई। यह बैठक ऐसे समय पर हुई जब ट्रस्ट की शीर्ष लीडरशिप ने कुछ दिन पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक बैठक में कोई विवादास्पद मुद्दा नहीं उठा और पूरा फोकस स्वास्थ्य परियोजनाओं, ग्रामीण विकास और रोजमर्रा के परोपकारी कार्यों पर रहा। बैठक के दौरान विभिन्न योजनाओं और अस्पतालों को लेकर प्रेजेंटेशन भी दी गईं। सूत्रों ने बताया कि बैठक पूरी तरह शांतिपूर्ण और नियमित रही। हालांकि, टाटा ट्रस्ट्स ने इस बैठक पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की। ट्रस्ट के भीतर दो गुट बन चुके हैं – एक गुट का नेतृत्व नोएल टाटा कर रहे हैं, जिन्हें रतन टाटा के बाद चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वहीं दूसरा गुट मेहली मिस्त्री के नेतृत्व में है, जिनका संबंध शापूरजी पालोनजी परिवार से है, जो टाटा संस में 18.37 फीसदी हिस्सेदारी रखता है। नेतृत्व और गवर्नेंस को लेकर जारी इस खींचतान के चलते सरकार ने ट्रस्ट्स से मामले को शीघ्र सुलझाने की सलाह दी है, ताकि 180 अरब डॉलर के टाटा समूह की कार्यप्रणाली प्रभावित न हो।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
रविवार 12 अक्टूबर 2025
Www.vishalindia.in



# सान्या मल्होत्रा ने दिखाया सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का फनसाइड

अभिनेत्री और स्टार परफॉर्मर सान्या मल्होत्रा ने फैंस को पर्दे के पीछे की वह मस्ती दिखाई है, जिसकी हमें ज़रूरत तो थी, लेकिन हमने सोची नहीं थी! हाल ही में उन्होंने सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के सेट से एक मज़ेदार बीटीएस मोमेंट्स शेयर की है, और यह फैन्स के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है। हंसी-मज़ाक से भरे ब्रेक्स से लेकर अनपेक्षित और सच्चे पलों तक, सान्या की (बिहाइंड द सीन्स) फोटोज़ और वीडियोज़ का ये करूसल फिल्म की स्टारकास्ट के बीच की गर्मजोशी और दोस्ती को बखूबी दर्शाता है। चाहे वो एक छोटा सा मज़ाक हो, शूटिंग के दौरान हुई किसी गलती पर साझा हँसी, या एक-दूसरे के प्रति सच्चा सम्मान, हर पल में सब के बीच की दोस्ती साफ़ दिखाई देती है। सान्या की ऊर्जा पूरे माहौल को हल्का और खुशनुमा बना देती है, जिससे लंबे शूटिंग शेड्यूल भी आसान लगते हैं। फैंस ने कमेंट सेक्शन में तुरंत प्रतिक्रिया की बाढ़ ला दी — सभी को पर्दे के पीछे की ये झलकियाँ बेहद पसंद आईं। यह याद दिलाने वाला है कि बेहतरीन कहानी सिर्फ कैमरे के सामने ही नहीं, बल्कि उसके पीछे भी बनती है। मस्ती भरे पलों से लेकर दिल को छू लेने वाली बातों तक, सान्या मल्होत्रा अपने प्रशंसकों को एक बेहतरीन तोहफ़ा दे रही हैं – सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की खुशनुमा दुनिया की एक झलक, जहां हर मुस्कान, हर हँसी और हर बीटीएस मोमेंट यादगार बन जाता है। हाल ही में फिल्म 'कटहल' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने और 'मिसेज़' में सराहे गए परफॉर्मेंस के बाद, सान्या का करियर एक दुर्लभ संतुलन दिखाता है — जहां कला और व्यवसाय दोनों साथ चलते हैं। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के साथ, फैंस को विश्वास है कि वह न केवल खुद को साबित कर रही हैं, बल्कि दर्शकों का ध्यान भी पूरी तरह खींच रही हैं — हर फ्रेम में उनका स्टारडम, आकर्षण और सिग्नेचर एनर्जी साफ नज़र आती है।



# बड़े पर्दे पर गोलू के किरदार को देखना सपने जैसा लग रहा है

**श्वेता त्रिपाठी ने वेब सीरीज मिर्जापुर पर बनी फिल्म मिर्जापुर - द फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। वे इसमें अपनी पॉपुलर भूमिका गजगामिनी गोलू गुप्ता के रूप में लौट रही हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी।**

## शूटिंग कहां हुई शुरू

श्वेता ने मिर्जापुर – द फिल्म की शूटिंग वाराणसी में शुरू कर दी है। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु शर्मा भी अपनी भूमिकाओं में वापस आ रहे हैं। श्वेता ने मिर्जापुर – द फिल्म को लेकर कहा, गोलू मेरे लिए सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि साल से मेरी जिंदगी का साथी है। बड़े पर्दे पर उसका सफर देखना कमाल का और सपने जैसा लग रहा है।


## वाराणसी से श्वेता का खास कनेक्शन

श्वेता वाराणसी को अपना दूसरा घर मानती हैं। उन्होंने बताया कि उनके करियर के कई प्रोजेक्ट इस शहर से जुड़े हैं, जैसे नीरज घायवान की फिल्म मसान, शो एस्केप लाइव और कालकूट। श्वेता ने कहा, यह शहर मुझे हमेशा बुलाता है। यहां के लोग, खाना और जो प्यार मिला है, उसके लिए मैं बार-बार आती हूं। उनके ट्रेनर त्रिदेव पांडे भी बनारस के हैं।

## मिर्जापुर-द फिल्म के बारे में

मिर्जापुर – द फिल्म, मिर्जापुर सीरीज का सिनेमा वर्जन है, जिसमें कालीन भैया, गुड्डू पंडित और मुन्ना त्रिपाठी जैसे लोकप्रिय किरदारों पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। मिर्जापुर द फिल्म को लेकर प्रशंसकों में काफी उत्साह है। सीरीज में कंपाउंडर का रोल करने वाले अभिषेक बनर्जी भी फिल्म में लौट रहे हैं। फिल्म का निर्देशन गुरमीत सिंह कर रहे हैं और इसे एक्सेल एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस कर रहा है।

# 'हैवान' में नेगेटिव रोल में नजर आएंगे अक्षय कुमार



अक्षय कुमार फिक्की फ्रेम्स 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उन्होंने साइबर क्राइम जैसी बातों को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लंबी चर्चा की। इसी दौरान अपनी फिल्म 'हैवान' को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री से सलाह मांगी। साथ ही अपने किरदार का जिक्र भी कर दिया। अक्षय कुमार भी बातचीत को आगे बढ़ाते हुए कहते हैं, 'मुझे एक नेगेटिव रोल निभाने का मन था, इसलिए मैं 'हैवान' कर रहा हूं। ज्यादातर मैं फिल्म में हीरो के रोल ही निभाता हूं।' अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म 'हैवान' एक थ्रिलर मूवी है। इस फिल्म में 17 साल बाद सैफ अली खान और अक्षय कुमार साथ काम कर रहे हैं।



## सारा खान ने की दूसरी शादी

# एक्टर-प्रोड्यूसर कृष पाठक संग लिए सात फेरे



'बिदाई' और 'बिग बॉस' फेम एक्ट्रेस सारा खान फिर से शादी के बंधन में बंध गई हैं। एक्ट्रेस ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड एक्टर-प्रोड्यूसर कृष पाठक संग रजिस्टर्ड मैरिज की है। दोनों ने 6 अक्टूबर को करीबियों के बीच अपनी शादी को रजिस्टर किया है। कपल अब दिसंबर में ग्रैंड वेडिंग सेलिब्रेशन करेगा। सारा ने इंस्टाग्राम पर शादी की खुशखबरी शेयर करते हुए कृष संग कई तस्वीरें शेयर की हैं। साथ ही एक भावुक नोट पोस्ट किया है। सारा ने लिखा- 'दो आस्थाएं। एक स्क्रिप्ट। असीम प्रेम। सिग्नेचर हो गए हैं। कुबूल है से सात फेरे तक इस दिसंबर का इंतजार है। दो दिल, दो संस्कृतियां हमेशा के लिए एक हो गईं। हमारी प्रेम कहानी एक ऐसे मिलन का गढ़ कर रही है, जहां आस्थाएं मिलती हैं, विभाजित नहीं होतीं। जब प्यार ही हेडलाइन बन जाए तो बाकी सब कुछ एक खूबसूरत कहानी बन जाता है। इसलिए हमें अपना आशीर्वाद दीजिए क्योंकि यह यूनियन सभी के लिए है।

सारा और कृष की शादी पर फैंस और सेलेब्स खूब बधाई दे रहे हैं। हाल ही में शादी के बंधन में बालिका वधू फेम एक्ट्रेस अविका गौर ने सारा को बधाई दी है। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने लिखा- 'ओह माय गॉड। माई बेबी...बधाई।' इसकेअलावा कपल को एक्ट्रेस आशका गोराडिया, किश्वर मर्चेंट, गायक अभिजीत सावंत ने भी बधाई दी है। बता दें कि सारा ने इससे पहले अली मर्चेंट से बिग बॉस-4 के घर में शादी की थी। लेकिन शादी के दो महीने के अंदर ही दोनों ने तलाक ले लिया था। अली ने रियलिटी शो सच का सामना के एक एपिसोड में कहा कि उन्होंने पब्लिसिटी के लिए सारा से शादी की थी और उनसे शादी करना उनके जीवन की सबसे बड़ी गलती थी। साल 2023 में अली ने अपनी गर्लफ्रेंड अंदलीब जैदी से शादी कर ली थी।

# 60 करोड़ रुपए के धोखाधड़ी मामले के बाद शिल्पा शेट्टी ने सोशल मीडिया पर की बात



बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा से 60 करोड़ रुपए के धोखाधड़ी मामले में पूछताछ जारी है। मंगलवार को एक्ट्रेस से आर्थिक अपराध शाखा ने चार घंटे तक पूछताछ की है। ये पूछताछ एक्ट्रेस के घर पर की गई, लेकिन अब लगता है कि इस मुश्किल समय में उन्होंने खुद पर संयम पाने का तरीका ढूंढ लिया है। उन्होंने फेमस मार्शल आर्टिस्ट ब्रूस ली का कोट शेयर किया है। शिल्पा शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है जिसमें वे इमोशनल वीकनेस की बात कर रही हैं। कोट में लिखा है, अगर आप हर बात पर भावनात्मक प्रतिक्रिया देते हैं, तो आप लगातार कष्ट झेलते रहेंगे। सच्ची शक्ति चुपचाप बैठकर तर्क के साथ चीज़ों को देखना है, यही सच्ची शक्ति संयम है। अगर शब्द आपको नियंत्रित करते हैं, तो इसका मतलब है कि बाकी सभी आपको नियंत्रित कर सकते हैंज सांस लें और चीज़ों को गुज़रने दें। कोट से साफ है कि एक्ट्रेस 60 करोड़ रुपए के धोखाधड़ी मामले से काफी परेशान हैं, लेकिन धैर्य से मामले को संभालने की कोशिश कर रही हैं।

बता दें कि इस मामले में शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के अलावा और तीन लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। इससे पहले राज कुंद्रा का भी बयान दर्ज किया गया। शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ व्यवसायी दीपक कोठारी ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। कोठारी का दावा था कि एक्ट्रेस ने कंपनी का विस्तार करने के लिए 75 करोड़ का लोन लिया था लेकिन ब्याज की दरों को देखते हुए इसे निजी निवेश के तौर पर दिखाने के लिए कहा। उन्होंने कोठारी को विश्वास दिलाया कि वे हर महीने ब्याज की रकम भरेंगी, लेकिन शिल्पा ने वो पैसे बिजनेस में न लगाकर निजी तौर पर खर्च किए और फिर बाद में कंपनी के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया।

व्यवसायी दीपक कोठारी ने कई बार एक्ट्रेस से पैसे वापस देने की मांग की लेकिन कोई जवाब नहीं आया है और उन्होंने दंपत्ति के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया। वर्क फ्रंट की बात करें तो शिल्पा डांस रियलिटी शो सुपर डांसर चैप्टर 5 में दिख रही हैं। शो के लेटेस्ट प्रोमो में उन्हें एक्टर मिथुन चक्रवर्ती के साथ डांस करते हुए देखा गया।



# इन अभिनेत्रियों ने जिम या रेड कार्पेट पर नहीं, बल्कि योगा मैट पर बनाई अपनी जगह

**बॉलीवुड की चकाचौंध भरी दुनिया में, जहाँ हर जगह परफेक्शन की मांग होती है और हर किरदार दृढ़ता की परीक्षा लेता है, कुछ अभिनेत्रियाँ ऐसी हैं जिन्होंने अपनी जगह जिम या रेड कार्पेट पर नहीं, बल्कि योगा मैट पर बनाई है। इन सितारों के लिए योग सिर्फ फिटनेस नहीं, बल्कि एक दर्शन है, जो उन्हें शरीर और आत्मा, दोनों रूपों में मजबूत और संतुलित रखता है।**

## आलिया भट्ट

व्यस्त शूटिंग शेड्यूल और थका देने वाली दिनचर्या के बीच, आलिया भट्ट के लिए योग एक एंकर की तरह है। उन्हें एरियल योगा बेहद पसंद है, और वे अक्सर अपनी योग साधना की झलक सोशल मीडिया पर साझा करती हैं। आलिया की फिटनेस यात्रा उनकी जीवन दृष्टि को दर्शाती है, जिसमें लचीलापन, अनुशासन और संतुलन का समावेश है।

## करीना कपूर



करीना कपूर खान की फिटनेस यात्रा उनकी फिल्मों जितनी ही प्रसिद्ध है। कभी साइज़ ज़ीरो ट्रेंड की पहचान रही करीना, अब माइंडफुल फिटनेस की मिसाल बन चुकी हैं। उनके लिए योग बाहरी रूप से सुंदर दिखने का नहीं, बल्कि मन, शरीर और सांस के संतुलन का माध्यम है।

## मलाइका अरोड़ा



मलाइका अरोड़ा न केवल एक प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं, बल्कि प्रमाणित योग प्रशिक्षक भी हैं। उन्होंने अपना खुद का वेलनेस स्टूडियो स्थापित किया है और योग को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के समग्र मार्ग के रूप में प्रचारित करती हैं। उनके लिए योग केवल शरीर को नहीं, बल्कि मन को भी स्वस्थ रखने का साधन है। चाहे शिल्पा की शांति हो या आलिया की अनुशासन भरी लचक, निकिता की आत्मिक गहराई हो या मलाइका का समर्पण, इन बॉलीवुड देवियों ने साबित कर दिया है कि असली सुंदरता और ताकत भीतर की संतुलन से आती है।

## शिल्पा शेट्टी

पिछले दो दशकों से शिल्पा शेट्टी सौम्यता, वेलनेस और आंतरिक शांति की प्रतीक रही हैं। अपनी किताबों, डीवीडीज़ और डिजिटल फिटनेस प्लेटफ़ॉर्म्स के ज़रिए उन्होंने योग को एक जीवनशैली का रूप दे दिया है। उनकी सुबहें सूर्य नमस्कार से शुरू होती हैं और दिन का अंत कृतज्ञता के साथ। यही दिनचर्या उन्हें शोबिज़ की भागदौड़ में भी शांत, संतुलित और दमकता हुआ बनाए रखती है।

## निकिता दत्ता

नई पीढ़ी की अभिनेत्रियों में निकिता दत्ता अपनी शांत लेकिन दृढ़ योग साधना के लिए अलग पहचान रखती हैं। उनके सोशल मीडिया पर अक्सर शांत आसनों और मानसिक संतुलन पर उनके विचार दिखाई देते हैं। निकिता के लिए योग कोई प्रदर्शन नहीं, बल्कि आत्म-संवाद का एक पवित्र स्थान है, जहाँ वे बाहरी शोर से दूर होकर अपने भीतर की शांति से जुड़ती हैं। उनकी नियमितता और सहज ऊर्जा यह दर्शाती है कि कैसे योग का प्रभाव चमक-दमक से परे, जीवन को भीतर से निखारता है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in